



# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र





खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय कुमार -पेजः 8

आडवाणी ने सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक जीता -पेजः 8



वर्षः 01 | अंकः 31 | मंगलवार- 6 मई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्यः 4 रुपए


## संक्षिप्त समाचार


### दिल्ली दंगे : अदालत ने हत्या और साजिश के आरोपों से 12 लोगों को बरी किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की एक स्थानीय अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित एक मामले में हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपी 12 लोगों को बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी 26 फरवरी, 2020 को गोकलपुरी इलाके में हाशिम अली नामक व्यक्ति की हत्या करने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। 30 अप्रैल को दिए गए अपने 52 पृष्ठ के आदेश में न्यायाधीश ने कहा, "मुझे लगता है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य के नाम पर कुछ ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं, जो किसी भी आरोपी व्यक्ति को अपराधी भीड़ का सदस्य बताने के लिए अपर्याप्त हैं।" इसके बाद अदालत ने लोकेश कुमार सोलंकी, पंकज शर्मा, अंकित चौधरी, प्रिंस, जतिन शर्मा, हिमांशु ठाकुर, विवेक पांचाल, ऋषभ चौधरी, सुमित चौधरी, टिंकू अरोड़ा, संदीप और साहिल को बरी कर दिया।




### ट्रंप के फैसले से हॉलीवुड अमेरिका से बाहर जाने पर मजबूर हो जाएगाः शेखर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** फिल्मकार शेखर कपूर ने अमेरिका में आयातित फिल्मों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी देने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सोमवार को आलोचना की और कहा कि यह कदम उल्टा पड़ सकता है और इसके कारण हॉलीवुड फिल्मकार देश छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर रविवार को एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को ''हमारे देश में आने वाली विदेशी जमीन पर बनी किसी भी फिल्म पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए अधिकृत किया है। ''मिस्टर इंडिया'', अदाकारा कैट ब्लैंचेट अभिनीत ''एलिजाबेथ'' फ्रेंचाइजी और ''व्हाट्स लव गॉट टू डू विद इट'' जैसी फिल्मों के लिए महशूर कपूर ने कहा कि हॉलीवुड की ''75 प्रतिशत से अधिक फिल्में'' अमेरिका के बाहर से आती हैं।



### रमेश ने उप राष्ट्रपति की टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की एक टिप्पणी को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करते समय मुद्रास्फीति को उसी तरह ध्यान में क्यों नहीं रखा गया जैसे विधायकों और सांसदों के वेतन के मामले में रखा जाता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को ग्वालियर में कहा था कि किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करते समय मुद्रास्फीति को ध्यान में रखा जाना चाहिए जैसे कि विधायकों और सांसदों के वेतन के मामले में रखा जाता है। ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा था, "प्रधानमंत्री ने विधायकों और सांसदों के वेतन में संशोधन करते समय मुद्रास्फीति को ध्यान में रखा तो किसानों का समर्थन करते समय क्यों नहीं?



## न्यायालय ने नीट-पीजी परीक्षा के दो पालियों में आयोजन के खिलाफ याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा दो पालियों में आयोजित करने संबंधी अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा।

याचिका में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) को 15 जून को होने वाली परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, ताकि सभी उम्मीदवारों के लिए एक समान, पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जा सके।



न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सात चिकित्सकों की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की, जिन्होंने एक ही पाली में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2025 आयोजित करने के लिए देश भर में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

एनबीईएमएस को अनुमोदित विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर और पोस्टडॉक्टोरल परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके परिणामस्वरूप डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) और डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीआरएनबी) और फेलो ऑफ नेशनल बोर्ड (एफएनबी) की उपाधि प्रदान की जाती है।

याचिकाकर्ताओं ने एनबीईएमएस द्वारा जारी 16 अप्रैल की अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया था कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा 15 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुकृति भटनागर और अभिष्ट हेला पेश हुए। याचिका में कहा गया है, ''दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने से गैर बराबरी की संभावना है, क्योंकि विभिन्न पालियों में कठिनाई का स्तर अलग-अलग होगा, पारदर्शी और सटीक सामान्यीकरण प्रक्रिया की चुनौतियां होंगी और उम्मीदवारों के लिए तनाव और चिंता बढ़ेगी।''

### न्यायालय ने यूट्यूब चैनल '4पीएम' को ब्लॉक करने के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को यूट्यूब चैनल '4पीएम' पर रोक लगाने के आदेश को रद्द करने के अनुरोध वाली वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि मध्यस्थ ने केंद्र सरकार की ओर से कथित रूप से जारी उस गोपनीय निर्देश के तहत चैनल को ब्लॉक किया है जिसमें "राष्ट्रीय सुरक्षा" और "सार्वजनिक व्यवस्था" के अस्पष्ट आधार का हवाला दिया गया है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जतायी और केंद्र तथा अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा।

### पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की

## आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन का किया वादा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है तथा पहलगाम आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''मोदी के साथ बातचीत में पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।''

रूसी दूतावास की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि पुतिन ने आतंकवादी हमले को ''बर्बर'' करार दिया और दोनों नेताओं ने हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ ''बिना समझौता किए लड़ाई'' की आवश्यकता पर बल दिया। इसने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।



पुतिन 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की सबसे पहले निंदा करने वाले विश्व नेताओं में शामिल हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

जायसवाल ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को ''पूर्ण समर्थन'' देने की बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''उन्होंने (पुतिन) इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।''

जायसवाल ने कहा कि मोदी तथा पुतिन ने 'भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रूस के 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। रूसी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने ''पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमले में भारतीय नागरिकों की मृत्यु पर गहरा शोक जताया।''

इसमें कहा गया कि बातचीत के दौरान विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी के रूप में रूस-भारत संबंधों की रणनीतिक प्रकृति पर जोर दिया गया। वक्तव्य में कहा गया कि ये संबंध ''बाहरी प्रभाव'' के अधीन नहीं हैं तथा सभी क्षेत्रों में गतिशील रूप से विकसित हो रहे हैं। इसमें कहा गया कि मोदी ने पुतिन और सभी रूसी लोगों को 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ की बधाई दी।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ जापान भी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अपने जापानी समकक्ष जनरल नकातानी के साथ व्यापक वार्ता की। इस दौरान आतंकवाद की समस्या और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य गतिविधियों के मद्देनजर द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा हुई। जनरल नकातानी की भारत यात्रा पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच हुई है। उन्होंने आतंकवादी हमले की निंदा की तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में सिंह ने कहा, "मैं पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता की मजबूत अभिव्यक्ति के लिए जापान सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।"



सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, "भारत की जापान के साथ विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की।"

उन्होंने कहा, "दोनों पक्षों ने सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की तथा सीमा पार खतरों से निपटने के लिए बेहतर सहयोग एवं संयुक्त प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।" सिंह ने कहा कि नकातानी ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की तथा भारत को "पूर्ण समर्थन" देने की पेशकश की।

## टैरिफ को लेकर तत्काल बातचीत शुरू हो, भारत बेहतर समझौता करने में सक्षमः राहुल गांधी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क (टैरिफ) में बदलाव की घोषणा किए जाने के बाद अब भारत सरकार को अमेरिका के साथ तत्काल बातचीत करनी चाहिए क्योंकि भारत एक बेहतर समझौता करने की क्षमता रखता है।

राहुल गांधी ने यह टिप्पणी बीते 21 अप्रैल को अमेरिका में ब्राउन विश्वविद्यालय के 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में एक संवाद सत्र के दौरान की थी। बातचीत का वीडियो शनिवार को 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने वीडियो कुछ अंश साझा करते हुए फेसबुक पोस्ट में कहा, ''भारत के पास कौशल है। अब हमें एक स्पष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है... अपनी क्षमता के साथ तय दिशा की ओर बढ़ने का समय है।''



उन्होंने संवाद सत्र के दौरान कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक उत्पादन प्रणाली विकसित करना, विनिर्माण और नौकरियों का सृजन करना है।

## दिल्ली महिला आयोग को दोबारा सक्रिय किया जाएगा : रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि पिछले कुछ समय से निष्क्रिय दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) को जल्द ही फिर से सक्रिय किया जाएगा। रेखा गुप्ता ने यह बात 'राष्ट्रीय महिला आपके घर जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान कही। 'राष्ट्रीय महिला आपके घर जन सुनवाई' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि संकट में फंसी महिलाएं सहायता के लिए सरकार की ओर देखती हैं और वर्तमान में लगभग 1,500 ऐसे मामले लंबित हैं।

रेखा ने कहा, "इसीलिए दिल्ली महिला आयोग को पुनः सक्रिय किया जाएगा और यह आयोग फिर से कार्य करना शुरू करेगा।" कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने आवास पर हाल में हुई एक जन सुनवाई का उल्लेख किया, जिसमें एक अभिभावक ने शिकायत की थी कि कुछ लड़के उनकी बेटियों को लगातार परेशान कर रहे हैं, जबकि इस संबंध में पहले ही एक शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है। रेखा ने कहा, "ऐसे लोग गलती करते रहेंगे, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके खिलाफ कार्रवाई करें।" महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उन्होंने घोषणा की कि शहर के चिन्हित अंधेरे वाले स्थलों पर 50,000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंधेरे वाले स्थान केवल वे नहीं हैं जहां रोशनी कम है, बल्कि वे क्षेत्र भी हैं जहां नेटवर्क संपर्क कमजोर है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने दोहराया कि कामकाजी महिलाओं को मदद प्रदान की जाएगी जिसमें 500 क्रेच सुविधाएं स्थापित करना और योग्य महिलाओं को 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता देना शामिल है।



# केएमयू में शांति यज्ञ व प्रसादी का आयोजन साधु-संतों की मौजूदगी में हुआ सम्पन्न

## ब्रजमंडल की सरदारी सहित खूटटल पट्टी की सरदारी का उमड़ा जनसैलाब, भगतजी के शांति यज्ञ व प्रसादी में उमड़ा जनसैलाब, इन्द्रदेव ने बरसाई कृपा

» सब का सपना संवाददाता

**मथुराः** जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी के पिताजी की आत्म शांति के लिए आज विवि के प्रांगण में शांति यज्ञ एवं महाप्रसादी, पुष्पांजलि, पाग रस्म के आयोजन में ब्रजमंडल की सरदारी, खूटटल पट्टी सहित हजारां की संख्या में लोग पहुंचे। इसमें पूर्वमंत्री, भाजपा विधायक, जनप्रतिनिधि, मुज्जफर नगर के न्यायाधीश, वेटरिनरी विवि के कुलपति समेत कई अधिकारियों के आने का सिलसिला जारी रहा। सभी आंगुतकों का जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वामी विवेकानंद प्रवेश द्वार से आगंतुकों का स्वागत सत्कार, गणमान्य नागरिकों ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष का पाग बांध कर सम्मान किया। इस आयोजन में केएमयू परिवार के युवा, बुजुर्ग महिला शक्ति की भागीदारी देखने को मिली। गौरतलब हो कि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के पिताजी मोहन सिंह भगतजी का गोलोक गमन 24 अप्रैल को हो गया था उनकी आत्मा की शांति के लिए केएम विवि प्रांगण में शांति यज्ञ और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। गोलोकवासी स्वर्गीय मोहन सिंह भगत के बड़े पुत्र देवी सिंह, करन सिंह, कालीचरन, करन सिंह, किशन चौधरी(जिला पंचायत अध्यक्ष), भूप सिंह शांति यज्ञ में भाग लिया और साधु संतों सहित विश्व प्रसिद्ध भागवताचार्य श्रीकृष्णचन्द्र शास्त्री (ठाकुरजी महाराज) का आर्शीवचन ग्रहण किया। संतों ने भगतजी के बड़े पुत्र देवी सिंह से पुष्पांजलि कार्यकम सम्पन्न करवाया और कहा ऐसे सतकर्मों से कुटुम्ब भक्ति अंकुर प्रकट होता है, उसके पितर तृप्ति को प्राप्त कर लेते है और देवता नृत्य करते हुए आशीर्वाद प्रदान करते है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने पिता को गति देने के लिए ऐसा आयोजन किया है जिसके लिए उन्हें साधुवाद और आशीर्वाद हम सभी संत देते हैं। उन्होंने अपने पिता के लिए पिछले साल श्रीमद्भागवत कथा और भंडारे का आयोजन करवाया था आज उनके आत्मा के लिए शांति यज्ञ और महाप्रसादी का आयोजन किया है। इस अवसर पर चिंतामणि कुंज के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आदित्यानंद गिरि महाराज, भागवताचार्य ठाकुर श्रीकृष्णचन्द्र शास्त्री, फूलडोलबिहारीजी महाराज, राजानंद प्रपन्नाचार्य महाराज, गोविन्दनंद तीर्थ महाराज, फूलडोल दास महाराज, बलराम देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी नवलगिरि महाराज आदि सहित दर्जनों संतों का जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने पटुका पहनाकर स्वागत सम्मान किया और संतों ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।







■ पूर्वमंत्री, भाजपा विधायक, जनप्रतिनिधि सहित गणमान्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया अभिनंदन

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ आने वाले आंगुतकों ने सेल्फी करवाई। कार्यक्रम का संचालन रामकटोर पांडेय ने करते हुए व्यवस्थापकों का उत्साह बढ़ाया और कुलाधिपति सहित भाजपा के दिग्गज हस्तियों तथा आगुंतकों के व्यक्तित्व का बखान किया। कार्यक्रम के अंत में रस्म पगड़ी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने सहभागिता दिखाते हुए सबसे बड़े पुत्र देवी सिंह को पाग बांधा, जिसमें 551 मीटर की सबसे बड़ी पाग भूपेन्द्र चौधरी, सुनील हीरा लाल ने निभाई।

शांति यज्ञ एवं महाप्रसादी, पुष्पांजलि, पाग रस्म में सहभागिता करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के विधायक ठाकुर मेघश्याम, बलदेव के विधायक पूरन प्रकाश, पूर्व शिक्षामंत्री पंडित श्यामसुंदर शर्मा, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूर्व राज्यमंत्री रविकांत गर्ग, मथुरा नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष राजू यादव, कुंजबिहारी, जिला पंचायत अध्यक्ष के सुपुत्र पार्थ चौधरी, प्रथम चौधरी, नितेश चौधरी, रवि चौधरी, सचिन चौधरी विपुल चौधरी, निरंजन सिंह सोलंकी, राजेन्द्र सिंह प्रधान उमरी, सौंख पूर्व चेयरमैन भरत सिंह, न्यायाधीश मुज्जफर नगर ज्योति सिंह, वेटरिनरी विवि वाइस चांसलर शरद कुमार यादव, भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धा सिंह प्रधान, पुष्पेन्द्र सिंह, अतुल अग्रवाल, कृष्णा उपाध्याय, देवेन्द्र प्रधान, वेदपाल प्रधान, अंकुर अग्रवाल, मनीष चतुर्वेदी, गौरव अग्रवाल के अलावा केएम विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, मेडीकल एमएस डा. अभय सूद, एएमएस डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, हॉस्पिटल जनरल मैनेजर स्वाती शर्मा सहित विवि के सभी संकायों के डींस, प्रोफेसर, विवि के समस्त मेडीकल छात्रों सहित अन्य संकायों के छात्र-छात्राएं और अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

## संपादकीय

### टॉपर्स संस्कृति का विकल्प तलाशें




यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी युवा प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में तीन छात्रों की दुखद मौतें विचलित करने वाली हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। नीट परीक्षा से पूर्व छात्रों का मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता को ही उजागर करता है। विडंबना ये है कि परीक्षाओं के इस जोखिम को हम नजरअंदाज करते हैं। जो बताता है कि ये प्रतिभाएं किस हद तक शैक्षणिक दबाव, मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी तथा अवास्तविक अपेक्षाओं के मिलने से बनी जानलेवा घातकता का शिकार हो रही हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक संजाल बन जाते हैं।

निश्चित रूप से युवाओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन कोई भी प्रावधान तब तक कारगर साबित नहीं हो सकते जब तक कि कोचिंग संस्थानों की कारगुजारियों की नियमित निगरानी न की जाए। कोचिंग संस्थानों में नामांकन से पहले अनिवार्य परामर्श और योग्यता परीक्षण मददगार हो सकता है। यह विडंबना ही है कि वर्ष 2018 के दिशा-निर्देश, जिनका मकसद छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना और निजी संस्थानों को विनियमित करना था, वे आज अप्रासंगिक हो गए हैं। यह एक हकीकत है कि सख्त निगरानी के बिना नये कानून का भी प्रतीकात्मक बनने का जोखिम बना रहता है। युवाओं को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके।

# युद्ध हुआ तो पश्चिमी और चीनी हथियारों की क्षमताओं की भी परख हो जायेगी



» नीरज कुमार दुबे
लेखक- वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

**पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है।**

भारत और पाकिस्तान के बीच मंडराते युद्ध के खतरे को लेकर कई पूर्व सैन्य अधिकारी और विशेषज्ञ अपनी अपनी तरह से चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। दरअसल 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय वायुसेना की एअर स्ट्राइक के बाद से दोनों देशों ने अपनी सैन्य क्षमता में काफी वृद्धि की है। इसलिए विशेषज्ञों को लग रहा है कि कोई सीमित संघर्ष भी व्यापक युद्ध में तब्दील हो सकता है। हम आपको याद दिला दें कि दोनों देश 1948, 1965 और 1971 में युद्ध लड़ चुके हैं। इसके अलावा कश्मीर को लेकर दोनों के बीच कई बार सैन्य और असैन्य टकराव भी हो चुके हैं। 1990 के दशक में दोनों देश परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र बन गए थे और तभी से दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे खतरनाक क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि इस बार हमला संभवतः



विमानों, मिसाइलों या ड्रोन के ज़रिये होगा, जिनमें भारत और पाकिस्तान की क्षमताएं काफी हद तक बराबर हैं। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि संघर्ष लंबा चलता है तो यह भारत के हित में होगा क्योंकि संसाधन अधिक होने के कारण वह लंबी अवधि तक इनका उपयोग कर पायेगा। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि हर पक्ष सोच रहा है कि वे पिछली बार की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं लेकिन असल जंग में ही असली स्थिति पता चल सकेगी।

हम आपको बता दें कि भारत को 2019 में पुराने रूसी विमानों पर निर्भर रहना पड़ा था। मगर अब देश ने फ्रांस से 36 राफेल फाइटर जेट्स वायुसेना के बेड़े में शामिल किए हैं तथा नौसेना के लिए और भी विमानों का ऑर्डर दिया गया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 2022 से चीन के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों में से एक, J-10 प्राप्त किया है, जो राफेल का तुलनात्मक समकक्ष माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के पास कम से कम 20 J-10 विमान हैं। बताया जाता है कि ये विमान उन्नत क्षमताओं से लैस हैं। हम आपको बता दें कि राफेल में 'मेटेओर' एयर-टू-एयर मिसाइल लगी होती है, जो दृश्य सीमा से बाहर भी मार कर सकती है। इसी प्रकार J-10 में इसी तरह की PL-15 मिसाइल लगी होने की बात मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई है। हम आपको यह भी बता दें कि 2019 की लड़ाई में सामने आई हवाई सुरक्षा की खामियों को दूर करने के लिए भारत ने रूस की S-400 मोबाइल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल प्रणाली प्राप्त की है जबकि पाकिस्तान ने चीन से HQ-9 प्रणाली हासिल की है जोकि रूस की S-300 प्रणाली पर आधारित है।

विश्लेषकों का यह भी कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले किसी भी संघर्ष पर चीन का प्रभाव बना रहेगा, जो भारत का प्रतिद्वंद्वी और पाकिस्तान का करीबी सहयोगी और उसका सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है। इसके अलावा, भले अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया है, लेकिन वह दोनों देशों के बीच किसी भी संघर्ष को चीन की सैन्य क्षमता की जांच के रूप में देखना चाह रहा है। अमेरिका ऐसा इसलिए चाहता है क्योंकि चीनी विमान और उसकी PL-15 मिसाइल को अब तक युद्ध में नहीं परखा गया है। इसलिए भले युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा जायेगा मगर असल में यह पश्चिमी और चीनी तकनीक के बीच मुकाबला हो सकता है। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि भारत के लिए एक चुनौती यह भी रहेगी कि वह कितने स्क्वाड्रन पाकिस्तान सीमा पर तैनात करे और कितने चीन सीमा पर, क्योंकि उसे ड्रैगन से भी खतरा है। हम आपको याद दिला दें कि भारत और चीन ने 1962 में युद्ध लड़ा था और 2022 में दोनों देशों की सेनाएं पूर्वी लद्दाख सीमा पर भिड़ी थीं।

विश्लेषकों का यह भी अनुमान है कि ड्रोन या ज़मीन से लॉन्च की गई मिसाइल से हमला होने की संभावना ज्यादा है क्योंकि इनमें पायलट के पकड़े जाने का खतरा नहीं होता। जहां तक दोनों देशों की मिसाइल और सैन्य ड्रोन क्षमता में ताजा वृद्धि की बात है तो आपको बता दें कि भारत ने इजराइल से लड़ाकू ड्रोन हेरोन मार्क 2 प्राप्त किया है और अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन खरीदने का ऑर्डर दिया है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने तुर्की से बायरेक्टर TB2 और अकिंजी ड्रोन हासिल किए हैं, जो रूस-यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान ने शनिवार को 450 किमी की दूरी तक मारक क्षमता और सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। पाकिस्तान ने आज 'एक्स इंद्र' अभ्यास के तहत 120 किलोमीटर रेंज की सतह से सतह पर मार करने वाली 'फतह' सीरीज़ की मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण करने का भी दावा किया है।

## मुद्दा

# ऐतिहासिक निर्णय है जातिगत जनगणना

» मृत्युंजय दीक्षित

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर किये गये हिन्दू नरसंहार के बाद जनमानस में उपजे आक्रोष और पाकिस्तान पर कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहा आम जनमानस तथा राजनैतिक दल उस समय हैरान रह गए जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का बड़ा निर्णय सुनाया।

केंद्र सरकार का यह निर्णय आते ही देश का राजनैतिक विमर्श जातिगत जनगणना पर केन्द्रित हो गया। आमजन यद्यपि यह सोच रहा है कि इस समय जब हम आतंकवादियों के शवों की प्रतीक्षा कर रहे हैं उस समय प्रधानमंत्री जी को ये क्या सूझ पड़ी, किन्तु आश्वस्त है कि प्रधानमंत्री जी ने ऐसा किया है तो अवश्य इसके पीछे कुछ रणनीति होगी। उधर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन इसे अपनी विजय बताकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहा है। कांग्रेस तो इतनी आतुर हो गई कि उसने सोशल मीडिया पर, "सरकार उनकी, सिस्टम हमारा" कैप्शन के साथ राहुल का प्रचार आरम्भ कर दिया, फिर उनको याद दिलाना पड़ा कि ये फिल्म में एक खलनायिका द्वारा कहे गए शब्द हैं जो आतंकवादियों के साथ है।

पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात प्रधानमंत्री जी ने कदा रुख अपनाया है और कहा है, हम आतंकवादियों तथा उनके पीछे छुपे लोगों का धरती के अंत तक पीछा करेंगे और सजा देंगे। प्रधानमंत्री ने इस बार पाकिस्तान को कल्पना से अधिक दंड मिलने की बात भी कही है। संभव है, इस प्रक्रिया में समय लगे और लम्बे समय तक युद्ध की परिस्थितियां बनी रहें। उस समय में विपक्ष अपना राजनैतिक अस्तित्व बचाए रखने के लिए क्यादृक्या कर सकता है?

स्वाभाविक रूप से जाती जनगणना जैसे मुद्दों को हवा देगा। भारत की अवश्यम्भावी विजय के उपरांत विपक्ष के पास क्या मुद्दा होगा? स्वाभाविक है वो पुनः अत्यंत आक्रामक रूप से जातिगत जनगणना के मुद्दे को उठाएगा यही कारण है कि केंद्र सरकार ने पहले ही जातिगत जनगणना का निर्णय लेकर उन वर्गों की चिंताओं को दूर कर दिया है जो मानती है कि जातिगत जनगणना उनके पक्ष में होगी और जिनको विश्वास में लेकर राहुल गाँधी तथा उनके मित्र देश और समाज का वातावरण बिगाड़ सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता के विचारों को आत्मसात करते हुए तथा संघ को अपने निर्णय में साथ लेकर केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है।

कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को एक राजनतिक हथियार के रूप में उपयोग करके 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के मिशन 400 को पूरा होने से रोक दिया यद्यपि उसके बाद हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में भाजपा के नए नारों "एक रहेंगे नेक रहेंगे" और "बटेंगे तो कटेंगे" ने परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल दीं।

वर्तमान में भारत -पाक के मध्य चल रहे तनाव के समय सरकार द्वारा लिया गया जातिगत जनगणना का निर्णय विपक्ष के लिए तनाव पैदा करने है भले ही इस समय वो इस फैसले को अपनी जीत मानकर जश्न मना रहा है। वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगियों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर विरोधी दलों के खतरनाक राजनीतिक एजेंडे पर पॉलटिकिल सर्जिकल स्ट्राइक कर दी है और एक बड़ा मुद्दा उनके हाथों से छीन लिया है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन और सदन के बाहर हमेशा यही कहते थे कि जब भी हमें मौका मिलेगा हम संसद से जातिगत जनगणना का प्रस्ताव पारित करवाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनके इस कथन का पटाक्षेप कर दिया है और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस जातिगत जनगणना पर केवल राजनीति ही करती रही है।

## पर्सनालिटी

# जहर देकर की गई थी नेपोलियन बोनापार्ट की हत्या

**महान योद्धा और फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट का 05 मई को निधन हो गया था। उन्होंने अपनी युद्ध नीति और पराक्रम के दम पर दुनिया के एक बड़े हिस्से पर कब्जा किया था। फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट की मौत को लेकर कई अफवाहें हैं।**

05 मई को महान योद्धा और फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट का निधन हो गया था। नेपोलियन ने अपनी युद्ध नीति और पराक्रम के दम पर दुनिया के एक बड़े हिस्से पर कब्जा किया था। लेकिन इनके जीवन के आखिरी समय में यह इतने गुमनाम हो गए थे कि इनकी मौत एक रहस्य बनकर रह गई थी। तो आइए जानते हैं कि उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर महान योद्धा और फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



### जन्म और परिवार

फ्रांस के अजाचियो शहर में 15 अगस्त 1769 में नेपोलियन बोनापार्ट का जन्म हुआ था। वह एक अमीर परिवार से ताल्लुक रखते थे। परिवार ने उनको सैन्य अफसर बनाने के लिए फ्रांस की सैन्य अकादमी भेजा था। सैनिक स्कूल में शिक्षा पूरी होने के बाद उन्होंने 1784 में पेरिस के एक कॉलेज में एडमिशन लिया। जहां पर उन्होंने तोपखाने से जुड़े से मुद्दों की पढ़ाई की। नेपोलियन की प्रतिभा को देखते हुए फ्रांस के राजकीय तोपखाने में नेपोलियन को सब-लेफ्टिनेंट की जॉब मिल गई।

### विवाह

बता दें कि 09 मार्च 1796 को नेपोलियन का जोसेफाइन से विवाह हुआ था। वहीं पहली पत्नी के निसंतान रहने पर नेपोलियन ने ऑस्ट्रिया के सम्राट की पुत्री 'मैरी लुईस' से दूसरा विवाह किया था। दूसरी पत्नी से नेपोलियन को संतान की प्राप्ति हुई थी। अपने युद्ध कौशल से नेपोलियन ने फ्रांस को विदेशी दुश्मनों से मुक्ति दिलाई थी। वहीं 15 दिसंबर 1799 को फ्रांसीसी जनता ने नेपोलियन को अपना सम्राट स्वीकार कर लिया था। नेपोलियन ने अपनी वीरता और सूझबूझ से कई युद्धों में जीत हासिल की थी। सेनापति के तौर पर फ्रांस में सबसे ताकतवर सेना भी नेपोलियम की थी। वहीं साल 1804 में पोप की मौजूदगी में खुद को बादशाह घोषित किया था।

**मौतः-** बताया जाता है कि नेपोलियन के बाल में आर्सेनिक नामक जहर पाया गया था। वहीं बीमारी में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। तो वहीं कई रिपोर्टों में यह दावा भी किया गया था कि नेपोलियन की बीमारी का जो इलाज किया गया, जिसने उनको मौत के घाट उतार दिया था। नेपोलियन को पोटेशियम टार्ट्रेट नामक जहरीला नमक दिया जाता था। वहीं 05 मई 1581 को 51 साल की उम्र में नेपोलियन बोनापार्ट की मौत हो गई थी।

## आज का इतिहास

1985 - द्वितीय विश्वयुद्ध में बैली पुलों के आविष्कारकर्ता सर डोनाल्ड बैली का इंग्लैंड में निधन।
1997 - फ्रांस की क्रिस्टिन जेनिन ध्रुव पर पैदल पहुँचने वाली विश्व की प्रथम महिला बनी।
2004 - चीन ने सिक्किम को भारत का अंग माना।
2005 - संयुक्त राष्ट्र ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन की सूची में डाला।
2006 - टाइटेनिक के डूबने की घटना की आखिरी चश्मदीद गवाह अमेरिकी नागरिक लिलियन एस्प्लंट का निधन। दुनिया की सबसे बड़ी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक पोर्टर ग्रास ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
2007 - फ़्रांस के राष्ट्रपति चुनाव में निकोलस सार्कोजी जीते।
2008 - बांग्लादेश में एंटी करप्शन ब्यूरो ने पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा जिया के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार के मामले में पहली बार आरोप पत्र दाखिल किया।

### 6 मई को जन्मे व्यक्ति

1983 - गगन नारंग - भारतीय राइफल निशानेबाज हैं।



1972 - आबिद ख़ान - भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों में से एक थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी।
1964 - खजान सिंह - भारत के प्रसिद्ध तैराकों में से एक हैं।
1942 - लल थनहवला- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं मिज़ोरम के तीसरे मुख्यमंत्री।
1937 - सम पिरोज भरुचा - भारत के भूतपूर्व 30वें मुख्य न्यायाधीश थे।
1925 - रहमान राही - कश्मीरी कवि, अनुवादक और आलोचक हैं।
1861 - मोतीलाल नेहरू- स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ।

### 6 मई को हुए निधन

2021 - अजीत सिंह (राजनीतिज्ञ) - भारतीय राजनीतिज्ञ और राजनीति के प्रमुख राष्ट्रीय नेता थे।
2010- गोविंद मुनीस, भोजपुरी फ़िल्म निर्देशक (नदिया के पार)
2005 - श्याम लाल यादव - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
1976 - कोका सुब्बा राव - भारत के आठवें मुख्य न्यायाधीश थे।
1973 - शिव कुमार बटालवी - पंजाबी भाषा के एक विख्यात कवि थे
1946 - भूलाभाई देसाई - प्रख्यात विधिवेत्ता, प्रमुख संसदीय नेता तथा महात्मा गांधी के विश्वस्त सहयोगी थे।

## आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# धरने पर भाकियू (शंकर) की महिला कार्यकर्ताओं संग सैकड़ों महिलाएं

## आबादी से बाहर की जाएं शराब की दुकानें

» सब का सपना संवाददाता

**रजबपुर/अमरोहाः** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) की महिला पदाधिकारी- ग्राम अध्यक्ष ओंकारी देवी के नेतृत्व में सोमवार को प्रातः 10 बजे सैकड़ों महिला व पुरुषों ने शराब की दुकानों को आबादी से बाहर किये जाने को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाज़ी की है। इस दौरान जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। रज़बपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपली मेकचन्द में आबादी में खोली गई शराब की दुकानों का ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। वहीं सूचना मिलने पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह तमाम पदाधिकारियों संग धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी भगत सिंह से इस विषय को लेकर वार्ता की।




चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि स्थानीय महिलाओं व ग्रामीणों के द्वारा शराब की दुकानों को आबादी से बाहर किये जाने को लेकर 4 व 7 अप्रैल को कलेक्ट्रेट पर विरोध - प्रदर्शन किया गया था, वहीं जिला आबकारी अधिकारी ने भी 5 दिन में दोनों दुकानों को आबादी से हटाने का आश्वाशन दिया था, परन्तु अभी तक शराब की दुकानों को वहां से हटाया नहीं गया है, जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आज उपजिलाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता करने के बाद संगठन ने फैसला किया है कि यदि 7 मई को दोपहर 12 बजे तक दोनों शराब की दुकानों को आबादी से नहीं हटाया जाता है, तो फ़िर भाकियू शंकर संगठन के द्वारा कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी आबकारी विभाग की होगी।

इस दौरान धरना-प्रदर्शन में अशोक चौधरी,अंजू चौधरी, रितु चौधरी, इंद्रेश चौधरी, सुनीता सिंह,मंजू देवी, संतोष देवी, शांति देवी, रामवती, दयावती,सावित्री, कमला, सुरेश, आरती, प्रेमवती, ममता, सविता, सरोज, कैलाश, प्रियंका, कविता, राजवती, खुशी, अंजली, राधिका, मोहन सैनी, कुलदीप चौधरी, लल्लू सिंह, योगदत्त प्रजापति, चंद्रपाल सैनी, ओमवीर सिंह, प्रधान हरि सिंह सैनी, अजय सिंह, अरुण चौधरी, हर्ष चौधरी, सुनील जाटव, चंद्रपाल सिंह, खेमचंद सैनी, हिमांशु सिंह, कलुवा प्रजापति, हीरा सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सुनील जाटव, अजय जाटव, संतराम जाटव, राम सिंह जाटव, सुरेश प्रजापति, राजेन्द्र सिंह, सतवीर सिंह, शीशपाल सिंह, सरजीत सिंह, कैलाश सिंह, चौधरी धर्मवीर सिंह, राकेश रतनपुर, नेमपाल सिंह व रमेश सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# इंडियन आइडल 12 के विजेता पवनदीप राजन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल



» सब का सपना संवाददाता

**गजरौला/अमरोहाः** टीवी शो इंडियन आईडल 12 की विजेता सिंगर पवनदीप राजन अपने दो साथियों अजय मेहरा और चालक राहुल सिंह सहित सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक पवनदीप राजन रविवार की रात अपने साथी अजय मेहरा व ड्राइवर राहुल सिंह के साथ घर से नोएडा जा रहे थे।



आपको बता दें कि टीवी शो इंडियन आईडल 12 के विजेता सिंगर पवनदीप राजन व उनके साथी अजय मेहरा एवं ड्राइवर राहुल सिंह उत्तराखंड से नोएडा जाते समय सड़क हादसे में घायल हो गए।उनकी कार गजरौला में हाईवे किनारे खड़े कैंटर मैं पीछे से जा घुसी।जिसमें तीनों कार सवार घायल हो गए।आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी अनुसार सिंगर पवनदीप की हालत नाजुक बनी हुई है। उधर पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। उत्तराखंड में चंपावत के रहने वाले पवनदीप राजन पुत्र सुरेश राजन भारतीय गायन रियलिटी टीवी शो इंडियन आईडल 12 के विजेता हैं। पुलिस के मुताबिक रविवार की रात पवनदीप अपने साथी अजय मेहरा ड्राइवर राहुल के साथ नोएडा जा रहे थे।इस दौरान जब उनकी कार गजरौला थाना क्षेत्र में चोपला चौराहा ओवर ब्रिज से नीचे उतरी तभी कार चला रहे ड्राइवर राहुल सिंह को नींद की झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे खड़े कैंटर में पीछे से घुस गई।जिसमें कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कार से निकाल कर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने तीनों को मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए डिडौली में हाईवे स्थित एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती कराया ।उधर जानकारी मिलते ही सिंगर पवनदीप के परिजन अस्पताल पहुंच गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए अपने साथ नोएडा ले गए।डॉक्टर के मुताबिक पवनदीप की दोनों टांगें फैक्चर हो गई है और उनके सिर में भी चोट लगी है घटना की जानकारी देते हुए सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी ।हादसा कार के चालक को नींद की झपकी आने की वजह से हुआ है।

# ख्वाजा ग्रुप के अध्यक्ष राशिद मलिक ने टूर्नामेंट का फीता काट किया शुभारम्भ



» सब का सपना संवाददाता

**उझारी/अमरोहाः** उझारी मे हजरत सेख दाउद किक्रेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि ख्वाजा ग्रूप के चेयरमैन राशिद मलिक ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष अदनान चौधरी सिवु सिन्धी, शारिक चौधरी, फेमी चौधरी, अनस चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।।

# ग्राम करनपुर सकतपुर में 2386.28 लाख की लागत से बनाया जा रहा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहाः** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग में 2386.28 लाख की लागत से तहसील हसन पुर के ग्राम करनपुर सकतपुर में बनाए जा रहे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल के दृष्टिगत वैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्य दाई संस्था CNDS उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय से की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाएं लागत शिलान्यास सहित अन्य विन्दुओ पर स्लाइड में नमूना देखकर जानकारी ली। जिसका शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के कर कमल द्वारा प्रस्तावित है।



कार्य दाई संस्था के स्थानिक प्रतिनिधि संदीप कुमार ने जिलाधिकारी को मॉडल कंपोजिट स्कूल में की जाने वाली प्रोविजन के संबंध में स्लाइड दिखाकर एक एक करके जानकारी दी।

जिसमें मुख्य भवन, मिड डे मील बिल्डिंग, बाल वाटिका ,मल्टीपरपज हॉल, प्रधानाचार्य आवास, स्टाफ आवास डॉरमेट्री, गार्ड रूम बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट ,वॉलीबॉल कोर्ट, सर्विस स्टेशन पंप हाउस बोरिंग सहित, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, सोलर सिस्टम गेट व बाउंड्री वॉल के संबंध में विधिवत जानकारी हासिल कराई ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर मोनिका सहित अन्य संबंधित अधिकारी कार्य दाई संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# वृहद मृदा नमूना महाभियान के अंतर्गत किया मृदा नमुना संगृहीत




» सब का सपना संवाददाता

**शामलीः** वृहद मृदा नमूना महाभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर खेडी विकास खण्ड कांधला जनपद शामली मे आदेश पुत्र औमप्रकाश सिंह के खेत खसरा नम्बर 152 का मृदा नमुना संगृहीत किया गया। अपर निदेशक (पौध संरक्षण) टी एम त्रिपाठी, उप निदेशक (पौध संरक्षण) यतेन्द्र सिंह, उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार और जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार के द्वारा मृदा नमूना एकत्रीकरण किया गया। नमूना एकत्रीकरण के दौरान किसानो को फार्मर रजिस्ट्री कराने, जायद फसलो के खेती के बारे, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई के लाभ के बारे में कृषको को जागरूक किया। मृदा नमूना एकत्रीकरण के बारे में मृदा लैब प्रभारी मोहनलाल ने विस्तृत जानकारी किसानो को दी और विभाग के सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार, प्राविधिक सहायक विशु कुमार एवं एटीएम अमित कुमार, अमित मलिक, अर्जुन सिंह, ग्राम प्रधान सोम गिरी सहित किसान ओमप्रकाश, आदि उपस्थित रहें।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत एक दिवसीय भारतीय आरोग्य सत्र का आयोजन

» सब का सपना संवाददाता

**बहजोई/सम्भलः** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में महाराष्ट्र से आये प्रसिद्ध आयुर्वेदिक विद्वान चिकित्सक वैद्य सुविनय दामले जी द्वारा आयुर्वेद एवं जीवनचर्या तथा जीवन में क्या खानपान अपनाना चाहिए उसको लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत एक दिवसीय भारतीय आरोग्य सत्र का आयोजन किया गया जिसमें आयुष विभाग से जुड़े हुए चिकित्सक तथा आकांक्षा समिति के सदस्य तथा जनपद की महिला अधिकारी तथा कर्मचारी, डीपीएमयू की टीम आदि ने प्रतिभाग किया ।





जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि वैद्य सुविनय दामले के जीवन परिचय के विषय में बताया तथा उन्होंने बताया कि दामले जी आयुर्वेद के प्रसिद्ध चिकित्सक हैं। उन्होंने कहा कि आहार और दिनचर्या से जीवन में क्या परिवर्तन आ सकता है, उसपर चर्चा की जाएगी। वैद्य सुविनय दामले जी ने बताया कि प्राचीन आयुर्वेद को पुनः उस रूप में लोगों तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। प्राचीन समय के सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य चरक, वाग्भट आदि के समय ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, कैंसर, जैसी बीमारियां नहीं थीं। यह बीमारी आधुनिक जीवन शैली एवं तकनीकी की उपज हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य चरक के समय खून की कोई जांच नहीं होती थीं। उन्होंने प्रमेह के तीन प्रकार बताये हैं वातज,पित्तज, और कफज । उन्होंने कहा कि प्राचीन निदान की पद्वति पुनः एक बार फिर उजागर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आज के समय में ब्लडप्रेशर, मधुमेह अगर किसी को हो जाता है तो चिकित्सक उसको जीवनभर के लिए दवा चला देता है।हमें आंकड़ों के खेल में नहीं उलझना चाहिए। बीमारी क्यों हुई इसके कारणों को खोजना चाहिए। जीवन में तनाव मुक्त जीवन शैली अपनाकर रोगों से दूर रहा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अपनी दृष्टि और कार्य के अनुसार अग्नि को 13 प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है। तथा भारतीय संस्कृति में अग्नि का विशेष महत्व है। शरीर को स्वास्थ रखने के लिए आत्मा, मन और इन्द्रियाँ प्रसन्न रहनी चाहिएं। उन्होंने परहेज के विषय में भी जानकारी दी तथा षडरस के विषय में बताते हुए कहा कि व्यक्ति अपनी दिनचर्या में मधुर रस से भोजन को प्रारंभ करना चाहिए तथा अंत में कसैला रस का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने स्नेह द्रव्य के विषय में भी जानकारी दी तथा स्नेह के रूप में घी एवं तेल का भी प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भोजन एवं जीवन में स्नेह बनाकर रखना चाहिए। जिस प्रकार से इंजन को चलाने के लिए तेल की आवश्यकता पड़ती है उसी प्रकार शरीर को भी तेल की आवश्यकता होती है। आंखों में अंजन करना चाहिए तथा दांत में मंजन नित्य करना चाहिए।

उन्होंने ग्रहों का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय में बताया तथा उन्होंने कहा कि अपना पसंदीदा आहार खाना चाहिए तथा जो हजम कर सको वह आहार लेना चाहिए तथा खाना खाते समय केवल खाने पर ही ध्यान रहना चाहिए। सकारात्मक विचार रखें तथा नियमानुसार चलने पर ही दीर्घायु प्राप्त कर सकते हैं। सत्र के दौरान सभागार में उपस्थित लोगों द्वारा शरीर को निरोगी रखने से संबंधित अपने प्रश्न भी वैद्य सुविनय दामले जी के समक्ष रखे।

आज एक दिवसीय भारतीय आरोग्य सत्र के दो सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र पीएम श्री विद्यालय आटा में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के समस्त पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक सम्मिलित हुए द्वितीय सत्र का आयोजन कलक्ट्रेट सभागार में हुआ जिसमें आयुष विभाग के चिकित्सक एवं आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ ऊषा राजेन्द्र पैंसिया तथा जनपद की समस्त महिला अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा तथा आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ ऊषा राजेन्द्र पैंसिया, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव एवं समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान का शुभारंभ

## किसान बन्धु मृदा परीक्षण के आधार पर ही करें संतुलित उर्वरकों का प्रयोग , जिससे जो अच्छा उत्पादन न पड़े मृदा तथा पर्यावरण पर गलत प्रभाव : जिलाधिकारी

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहाः** जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड अमरोहा के ग्राम पचोकरा में कृषि विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान का शुभारंभ किया गया ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अपने हाथों से खेत की मिट्टी खोदकर स्वयं मिट्टी के स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया की जानकारी और एप्स के माध्यम से नमूना एकत्रीकरण कर भेजी जाने वाली रिपोर्ट की जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से ली।

बड़ी संख्या में उपस्थित किसान बन्धुओ को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मृदा परीक्षण किया जाना मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है और यह है किसानों के लिए भी अनेक प्रकार से लाभदायक है । कहा कि मृदा परीक्षण हो जाने से मिट्टी को कौन से पोषक तत्व की कितनी मात्रा में जरूरत है उसकी जानकारी हो सकेगी जिससे किसान संतुलित मात्रा में पोषक तत्व का प्रयोग कर सकेंगे और अधिक रसायन उर्वरक कीटनाशकों के प्रयोग से बच सकेंगे । कहा की इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक से 20-20 ग्राम चयनित किए गए हैं जिसमें 120 ग्रामों में 100 नमूने लिए जाएंगे जिसके तहत ग्राम पंचायतों में 12000 नमूने लिए जाने का लक्ष्य जनपद में रखा गया है जिसमें 70% नमूने खरीफ की फसल में और 30% नमूने रवि की फसल में लिए जाएंगे । कहा कि नमूनों के विश्लेषण के पश्चात किसान भाइयों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड निशुल्क वितरित किए जाएंगे ।






जिसमें किसान के मिट्टी की 12 विन्दुओ पर चेकिंग की जाएगी जैसे जीवांश पदार्थ, पी एच, EC, नाइट्रोजन फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक, लोहा, मैगनीज, कॉपर एवं बोरान ।

उन्होंने कहा की यदि मिट्टी का स्वास्थ्य अच्छा होगा तो हम लोग भी स्वस्थ होंगे और अनेक बीमारियों से बच सकेंगे क्योंकि मिट्टी के द्वारा ही यह बीमारियां शरीर में प्रवेश करती हैं मिट्टी खराब होगी तो फसल का सही उत्पादन नहीं होगा। कहा कि कृषि की लागत बढ़ रही है केमिकल और उर्वरक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग किया जा रहा है । कहा कि अपने स्वास्थ्य से ज्यादा मिट्टी के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। मिट्टी में जिस पोषक तत्व की कमी है उस पोषक तत्व को ही मिट्टी में डालें ताकि मृदा का स्वास्थ्य अच्छा हो सके । कहा किसान बन्धु संतुलित मात्रा में उर्वरक और रसायनों का प्रयोग करने के लिए कदम बढ़ाएं ताकि हम लोग सब स्वस्थ रह सके और मिट्टी भी स्वस्थ रह सके ।किसान बन्धु मृदा परीक्षण के आधार पर ही संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें , जिससे अच्छा उत्पादन हो और मृदा तथा पर्यावरण पर गलत प्रभाव न पड़े।

इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि राम प्रवेश सहित अन्य संबंधित अधिकारी भारत सरकार से आए हुए कृषि वैज्ञानिक व कृषि विभाग से जुड़े हुए अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भीषण सड़क हादसा में रोडवेज बस चालक की मौत, कई यात्री घायल

## मृतक के भाई का अस्पताल में उचित इलाज न मिलने का आरोप





» सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** जनपद के ठाकुरद्वारा क्षेत्र में सोमवार तड़के मुरादाबाद काशीपुर हाईवे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। काशीपुर डिपो की एक रोडवेज बस ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली से पीछे से जा टकराई इस टक्कर में बस चालक की मौत हो गई। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के मुरादाबाद काशीपुर नेशनल हाईवे पर रोडवेज बस और ईंटो से भरी ट्रैक्टर ट्राली में भीषण टक्कर हो गई। बस दुर्घटना में बस चालक की मौत हो गई। जबकि 18 यात्री घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया,बस में सवार अन्य यात्री निजी बहनों से अपने यहां रवाना हो गए। मुरादाबाद काशीपुर हाईवे पर सोमवार के तड़के गांव फौलादपुर के निकट मुरादाबाद की दिशा आ रही उत्तराखंड काशीपुर डिपो की बस पीछे से ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई।

इस हादसे में बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। और दुर्घटना में बस चालक महफूज आलम निवासी गांव बोवदवाला ठाकुरद्वारा की मौत हो गई। घायलों में संदीप, अंकित, धर्मवीर, गीता, दीपू रवि सिंह, दयाल सिंह,राहुल, देवेंद्र,प्रवीण, नरेंद्र, प्रकाश, समेत लगभग 18 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद राहीगिरों के साथ ग्रामीण की भीड़ जमा हो गई सूचना पर डायल 100 व कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाएं। चिकित्सकों ने जहां बस चालक महफूज आलम को मृत घोषित कर दिया।

वही बस चालक के भाई ने सरकारी अस्पताल के डॉक्टर पर उचित इलाज न मिलने से बड़ा आरोप लगाया, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचकर पुलिस ने गंभीर घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मृतक महफूज आलम के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर शांति बनी है। मामूली चोटिल यात्री प्राथमिक उपचार के बाद अपने घरों के लिए रवाना हो गए।

# एस.एन.डी.चिल्ड्रन एकेडेमी में मिशन सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर छात्रों को किया जागरूक

## ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर पम्पलैट बांटे




» सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** सोमवार को एस.एन.डी. चिल्ड्रन एकेडमी पंडित नागला रोड मुरादाबाद में जाकर टीएसआई जसवीर सिंह द्वारा रोड सेफ्टी मिशन के अंतर्गत स्कूल के लगभग 300 विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी नियमों के बारे में अवगत कराया।

प्रधानाचार्य सीवी गिरी की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। दो पहिया वाहन, हेलमेट व चार पहिया वाहन सीट बेल्ट का पालन करेंगे।

मोबाइल प्रयोग करते हुए वाहन नही चलाना है। नशे का सेवन करके वाहन नही चलाना है। अधिक गति सीमा से वाहन नही चलाना है। ओवरटेक नही करना है।

सड़क पर स्टंट नहीं करना है। घायल व्यक्ति की मदद करनी है। नाबालिग द्वारा वाहन नही चलाना है। इत्यादि नियमों से अवगत कराया टीएसआई जसवीर द्वारा बच्चों को पम्पलैट वितरित व दिखाकर उनको जागरूक किया।

मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना मूढ़ापाण्ड़े पुलिस द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई गई। तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अम्बेडकर प्रतिमा खंडित करने पर लोगों में आक्रोश

**मुरादाबाद।** थाना मंझोला क्षेत्र अंतर्गत भोला सिंह की मिलक में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को कुछ शरारती तत्वों द्वारा खंडित किया गया। जिसकी सूचना मिलने पर पूर्व सांसद गिरीश चन्द्र बहुजन समाज पार्टी के व पदाधिकारी के साथ मौके पर पहुँचे। और घटना स्थल का जायजा लिया साथ ही शरारती तत्वों पर कार्यवाही करने की मांग की। न्याय के लिये आंदोलन किया जाएगा। अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त होने पर इसकी जानकारी मिलते ही इलाके में तनाव का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही शहर विधायक रितेश गुप्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। मझोला थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### वित्तविहीन मैनेजमेंट एंड टीचर्स एसोसिएशन ने किया बैठक का आयोजन

**मुंढापांडे।** वित्तविहीन मैनेजमेंट एंड टीचर्स एसोसिएशन की एक मीटिंग राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज मुंडापांडे में आयोजित की गई। इस मीटिंग में जिला अध्यक्ष मुरादाबाद रूकम को सर्वसम्मिति से मनोनीत किया गया साथ ही मुरादाबाद के मंडल अध्यक्ष पद पर उमेश चंद्र गुप्ता को मनोनीत किया गया। वित्तविहीन की इस बैठक में धन सिंह चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह, नजम अख्तर सलमानी, डॉ केपी सिंह , मनोज ठाकुर ,रामवीर सिंह यादव, शहजादे , कमरे आलम रामकृष्ण सिंह ,विद्यालयों के प्रबंधक तथा शिक्षक गण उपस्थित थे। मीटिंग की अध्यक्षता वित्तविहीन एवं मैनेजमेंट एंड टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर ओमवीर सिंह एडवोकेट ने की। मीटिंग में यह प्रस्ताव रखा गया कि सरकार द्वारा जूनियर हायर सेकेंडरी इंटर कॉलेज तथा डिग्री कॉलेज के शिक्षकों को मानदेय दिया जाए मीटिंग में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया। उनकी सेवा को नियमित किया जाए।

### थाना धनारी पुलिस ने एक आरोपी किया गिरफ्तार



**धनारी/संभल।** कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल द्वारा जनपद में अपराधो की रोकथाम एवं अपराधियो पर प्रभावी नियनंत्रण बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन व अनुकृति शर्मा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) के कुशल निर्देशन तथा आलोक सिद्धू क्षेत्राधिकारी बहजोई जनपद सम्भल के पर्यवेक्षण में थाना धनारी पुलिस द्वारा 05 मई को मु0अ0स0 128/25 धारा 74 बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त देवानन्द पुत्र महिपाल उर्फ मीलाल नि0 ग्राम मानकपुर थाना धनारी जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय चन्दौसी जनपद सम्भल भेजा गया।

# वर्तमान प्रधान ने बंजर भूमि को राजस्व अधिकारियों के सहयोग से कराया कब्जा मुक्त



» सब का सपना संवाददाता

**मुंडापांडे।** जनपद मुरादाबाद के ब्लॉक मुंडापांडे की ग्राम पंचायत रामपुर भीला में बंजर की जमीन को कराया गया मुक्त, प्रधान ने ग्राम समाज की भूमि का कब्जाधारी के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसके आधार पर जिलाधिकारी द्वारा आदेशित कर कब्जा मुक्त करने के आदेश दिए थे। रविवार को राजस्व निरीक्षण व लेखपाल प्रदीप कुमार ने ग्राम रामपुर भीला में अवैध रूप से कब्जा कर रहा बंजर भूमि को मुक्त कराया गया। ग्राम प्रधान नौशाद अली ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया था जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से दी गई थी। मौके पर पहुंचे तहसील के अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया।


# मिट्टी की जांच के लिए मृदा नमूना एकत्रितकरण अभियान चलाया

» सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** उप कृषि निदेशक मुरादाबाद सन्तोष कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में सोमवार को प्रदेश स्तरीय मृदा नमूना संकलन अभियान के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के विकास खंड छजलैट के ग्राम नसीरपुर मे कृषक मंगला पुत्र शोभा के खेत से मृदा नमूना संकलित किया गया। साथ में सहायक निदेशक मृदा परीक्षण हर्षित चौहान एवं भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ योगेन्द्र कुमार एवं क्षेत्रीय कर्मचारी तथा कृषकगण मौजूद रहे। प्रमुख सचिव कृषि उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन मे सोमवार को पूरे उत्तर प्रदेश मे मृदा नमूना संकलन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिस प्रकार से मनुष्य के स्वास्थ्य की जांच की जाती है, ठीक उसी प्रकार मृदा की स्वास्थ्य की जांच की जाती है। जनपद मुरादाबाद मे वित्तीय वर्ष 2025-26 मे कुल 16000 मृदा नमूना का लक्ष्य है। जिसमे से 70 लक्ष्य खरीफ फसल मे पूर्ण किया जाना है। प्रत्येक विकास खंड मे कृषि निदेशालय लखनऊ से चिन्हित 20 ग्राम पंचायतों मे तथा चिन्हित प्रत्येक ग्राम पंचायत मे 100 मृदा नमूने लिये जायेंगे। मृदा नमूने लिये जाने के पश्चात मृदा परीक्षण प्रयोगशाला मुरादाबाद मे मृदा मे पाये जाने वाले पोषक तत्वों की मात्रा का परीक्षण किया गया। तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जायेगा। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उपलब्ध पोषक तत्वों के आधार पर फसल के अनुसार उर्वरकों, जैविक खाद इत्यादि का सुझाव दिया जाता है। मृदा नमूना संकलन हेतु विशेष अभियान सोमवार को प्रत्येक जनपद हेतु कृषि निदेशालय से नोडल अधिकारी नामित सहायक निदेशक मृदा, मुरादाबाद मंडल, हर्षित चौहान की देखरेख मे जनपद मुरादाबाद मे मृदा नमूने लिये गए। सभी किसान भाइयों ने मृदा नमूना में सहयोग किया।

# फरियादियों की समस्याएं सुनकर गुणवत्तापूर्ण किया निस्तारण



» सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# पुलिस कर्मचारियों की बीट बुक चेक कर दिए दिशा निर्देश



» सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** जनपदीय थानों में तैनात पुलिस कर्मचारियों की बीट बुक को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार सिंह द्वारा चेक कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट में भ्रमण करने के दिए दिशा निर्देश। जनपद के विभिन्न थानों सहित व भोजपुर थाने में तैनात पुलिस कर्मचारियों की बीट बुक को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में क्षेत्र के पुलिस कर्मचारियों की बीट बुक चेक कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट में भ्रमण करने व बीट बुक को अद्यावधिक रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए है।

# बकरा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



» सब का सपना संवाददाता

**भोजपुर।** वादी नरेश पुत्र केवल नि0 ग्राम रुपपुर बहादुरपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा ग्राम रुपपुर बहादुरपुर से बकरा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना भोजपुर पुलिस द्वारा सोमवार को अभियुक्त अजहर पुत्र अलीम निवासी काजीपुरा थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर बकरा बरामद किया गया। वांछित अभियुक्त कलुआ पुत्र शाकिर अली निवासी जवाहरनगर लोधीपुर थाना मझौला जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने पर ग्रामीणों का विरोध, उच्च अधिकारियों से की जांच की मांग

## प्रधान व ठेकेदार की मिलीभगत का लगाया ग्रामीणों ने आरोप

» सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** ब्लॉक डिलारी के गांव सिढ़ाबली में ग्रामीणों ने सड़क व नाले पर चल रहा कार्य रुकवाया। ग्रामीणों ने सीधा आरोप लगाते हुए नाली निर्माण व सड़क में कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है। कि सही तरीके से काम नहीं होगा।

तब तक कार्य नहीं होने देंगे। गांव के मुख्य मार्ग पर लग रही सीसी टाइल्स और नाले का निर्माण चल रहा था। ग्रामीणों ने देखा की मिट्टी के ऊपर ही टाइल्स बिछाई जा रही है। और नाले में पीली ईट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हुआ। और काम में गलत ईंट का इस्तेमाल होने से गांव के लोग निराश हैं।

इसराइल के घर से बबलू के घर तक यह रास्ता बना था। जिसमें घटिया सामग्री ठेकेदार द्वारा लगाई जा रही।

इस वक्त ग्रामीणों ने देखा की टाइल्स मिट्टी के ऊपर बिछाई जा रही है। ना की टाइल्स के कोई कंक्रीट है। तभी ग्रामीणों ने ठेकेदार से काम करने को सही काम करने को कहा ठेकेदार ने अपनी मनमानी जताते हुए ऐसे ही काम करने का कहा ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सही कार्य नहीं हो जाता तब तक इसका विरोध करते रहेंगें।

# रालोद के सक्रिय सदस्यता अभियान में सपा-कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल

» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अमान गेस्ट हाउस, ठाकुरगंज में एक भव्य सदस्यता समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे रहे, जिन्होंने बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से आए कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। समारोह की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश सचिव अफसर अली ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान और व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व नगर अध्यक्ष उमर अली एवं मॉल ब्लॉक के पूर्व प्रधान बराती लाल थे।





श्री दुबे ने पूर्व प्रधान बराती लाल, उमर अली, हकीमुद्दीन उर्फ पप्पू, अजमल खान, उमरदराज, डॉ. शेख मोहम्मद, सैफी खान, अताउर रहमान, मोहम्मद नसीम, जावेद अहमद, इमरान खान, रेहान खान, शोएब अहमद, शादाब खान, संजय कुमार, आलम खान, गुलजार खान, अकरम खान, सीमा हसन, इकरा बानो, मोहम्मद कामिल, ममता कनौजिया, अनिता कुमारी, शबाना बेगम, कुमारी पूजा और मोहम्मद रईस सहित दर्जनों लोगों को सदस्यता दिलाई।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने बताया कि यह अभियान डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल से शुरू होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके बाद 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक सांगठनिक चुनाव संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी समाज में भाईचारा स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री दुबे ने कहा कि दुकानों पर नाम लिखे जाने और सड़कों पर नमाज अदा करने जैसे मुद्दों पर प्रशासन की कार्रवाई का विरोध सबसे पहले रालोद ने किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की सराहना की। व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने युवाओं और किसानों के लिए पार्टी द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। समारोह को मनोज सिंह चौहान और अफसर अली ने भी संबोधित किया।

सदस्यता समारोह में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उपस्थित रहे और सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## चौकी इंचार्ज पर लगाया अभद्रता का आरोप

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर निवासिनी एक महिला ने सरयू घाट पुलिस चौकी पर तैनात उप निरीक्षक संजीव सिंह पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है ।बताते चलें कि लोलपुर निवासी सतिस तिवारी के सहन दरवाजे पर सड़क पाटने के लिए अमन सिंह पुत्र विनय सिंह द्वारा जेसीबी से मिट्टी खनन किया जा रहा था जिसका विरोध करने पर ठेकेदार व उसके सहयोगियों द्वारा मारपीट किया जाने लगा आवाज सुनकर सतिश कि पत्नी द्वारा मौके पर विरोध किया गया तो ठेकेदार व सहयोगियों द्वारा महिला के साथ भी मारपीट किया गया जिससे बचने के लिए पीड़ित दंपत्ति ने घर में घुसकर जान बचाने का प्रयास किया तो ठेकेदार व उसके सहयोगी घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे ।घटना की जानकारी पर डायल 112 आई जिसके मद्देनजर ठेकेदार अपने सहयोगियों के साथ भाग गया।

■ मिट्टी खनन को लेकर हुआ था विवाद

## दो स्थानों पर सीसी रोड व नाली निर्माण को मंजूरी

### 19.71 लाख रुपये होंगे खर्च

» सब का सपना संवाददाता

**गोण्डा ।** नगर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर जिलाधिकारी एवं विनियमित क्षेत्र नियंत्रक प्राधिकारी नेहा शर्मा ने दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है।

ठाकुर द्वारा मंदिर (गोण्डा-उ-तरौला मार्ग) तक और राजा मोहल्ला डाकघर से अमरदीप श्रीवास्तव के मकान तक सीसी रोड और नाली का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों पर कुल 19.71 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे ।बताते चलें कि इन दोनों क्षेत्रों में लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति और जलनिकासी की समस्याएं बनी हुई थीं। स्थानीय नागरिकों ने हाल ही में जिलाधिकारी से मुलाकात कर इन समस्याओं को उठाया था।

डीएम ने समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए तत्काल निरीक्षण और प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। अवर अभियंता द्वारा पीडब्ल्यूडी शिड्यूल ऑफ रेट्स 2020 के अनुसार निर्माण कार्य का तकनीकी आकलन किया गया ।ठाकुर द्वारा मंदिर मार्ग पर 9.72 लाख और राजा मोहल्ला मार्ग पर 9.99 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। यह राशि भवन मानचित्र स्वीकृति से एकत्र विकास शुल्क से खर्च की जाएगी, जो इंडियन बैंक की कलेक्ट्रेट शाखा में विनियमित क्षेत्र खाते में जमा है।

■ ठाकुर द्वारा मंदिर और राजा मोहल्ला को मिलेगी नई सड़क और नाली, जल्द शुरू होगा कार्य

उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार गठित समिति की संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी ने कार्यों को प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब निर्माण कार्य जल्द शुरू कराए जाएंगे, जिससे नागरिकों को बेहतर सड़क और जलनिकासी की सुविधा उपलब्ध होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच सदस्यीय कमेटी करेगी हरचंदपुर बीडीओ पर लगे आरोपों की जांच

**रायबरेली।** हरचंदपुर ब्लॉक में तैनात महिला ग्राम पंचायत अधिकारी (वीपीओ) की शिकायत की जांच पांच सदस्यीय कमेटी करेगी। कामकाजी महिलाओं के उत्पीड़न के मामले की जांच के लिए सामाजिक कार्यकर्ता की अध्यक्षता में यह कमेटी डीएम के स्तर से गठित की गई है। महिला कर्मचारी ने हरचंदपुर के खंड विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है। डीएम को दिए शिकायती पत्र में महिला वीपीओ ने आरोप लगाया कि छुट्टी के दिन असमय फोन करके परेशान किया जा रहा है। साथ ही ब्लॉक में कई तरीके से मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, जिनका उल्लेख करना संभव नहीं है। बताया कि अविवाहित होने के कारण ऐसे मानसिक शोषण से सामाजिक जीवन पर कुप्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में बीडीओ के अधीनस्थ काम कर पाना संभव नहीं है। साथ काम कर रही एक और महिला कर्मचारी को भी परेशान किया जा रहा है।

डीएम हर्षिता माथुर ने मामले की जांच का आदेश दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता अमिता खुबेले की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय आंतरिक शिकायत कमेटी गठित की गई है। सदस्यों में खंड विकास अधिकारी सलोन सुधा वर्मा, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य मीनू श्रीवास्तव, गांधी सेवा निकेतन के प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा को भी शामिल किया गया है। पदेन सदस्य के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को भी शामिल किया गया है। कमेटी को मामले की जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। सीडीओ अर्पित उपाध्याय ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### रोड जाम और हंगामा करने पर 17 के खिलाफ केस

**रायबरेली।** सड़क हादसे में युवती की मौत के बाद हंगामा करने वाले 17 लोगों पर मिल एरिया थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों पर ट्रक पर पथराव, राहगीरों के साथ अभद्रता और रोड जाम करने का आरोप है। मिल एरिया थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक के मुताबिक मलिकमऊ की रहने वाली अराधना (18) की बृहस्पतिवार रात ट्रक की टक्कर लगने से मौत हो गई थी। इस दौरान लोगों ने ट्रक पर पथराव करके शीशा तोड़ दिया था। राहगीरों के साथ अभद्रता करते हुए कहासुनी की। पुलिस पहुंची तो सरकारी कार्य में बाधा डाला। वरिष्ठ उपनिरीक्षक के मुताबिक किसी तरह लोगों को शांत कराकर युवती का शव पोस्टमार्टम हाऊस ले जाया गया। इस दौरान फिर लोग आक्रोशित हो उठे और रायबरेली-डीह मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे आवागमन प्रभावित हुआ और राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। थाना प्रभारी ने बताया कि शुभम, हिमांशू पासी, लकी सिंह, अर्पित, अभिषेक, बड़े, राहुल और आठ-दस अज्ञात पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, पथराव, रोड जाम करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर जल्द कार्रवाई होगी।

### चोरी की योजना बनाते समय 02 शातिर चोर गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के देख रेख व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते समय 02 शातिर चोरों चन्दन पुत्र राजकिशोर पासवान नि0 एम ब्लाक रानीबाग शकूरपुर नेताजी सुभाष पुलिस दिल्ली व सोनू कन्नौजिया पुत्र बुद्धई नि0 गैजहवा थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर को सझवल पोखरा के पास स्थित सागौन के बगीचे से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी करने के उपकरण, चोरी का माल व 02 अदद चोरी की मोटरसाईकिलों को बरामद किया ।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## परसपुर भूमि प्रकरण में अवैध कब्जे की पुष्टि, रिपोर्ट दर्ज करने के दिए निर्देश

» सब का सपना संवाददाता

**गोण्डा।** नगर पंचायत परसपुर से जुड़े भूमि विवाद के मामले में जांच के दौरान अवैध कब्जे और फर्जी दस्तावेजों की पुष्टि हो गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अनिल कुमार, मुस्तफा और इब्राहीम द्वारा प्रस्तुत शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गाटा संख्या 559 व 743 की भूमि को विपक्षी पक्ष द्वारा कूटरचित इकरारनामे के जरिए फर्जी रूप से विक्रय किया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि विद्यालय, कब्रिस्तान और पुरानी आबादी से जुड़ी जमीनों पर भी सुनियोजित ढंग से कब्जा करने की कोशिश की गई ।जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच समिति–जिसमें अपर जिलाधिकारी गोण्डा (अध्यक्ष), उप जिलाधिकारी करनैलगंज, सहायक महानिरीक्षक निबंधन और बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सदस्य थे–ने पूरे मामले की गहनता से जांच की। समिति ने पाया कि कई भूखण्डों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर न केवल अवैध विक्रय किया गया, बल्कि कुछ स्थानों पर कब्जा भी कर लिया गया ।इस गंभीर भूमि अनियमितता पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित थाने को दोषियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

■ जांच समिति की रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएं उजागर, प्रशासन ने लिया कड़ा रुख

## जीत वेलफेयर फाउंडेशन की लालगंज में सराहनीय पहल

### सार्वजनिक स्थानों पर की गई शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था,राहगीरों को मिलेगी राहत

» सब का सपना संवाददाता

**लालगंज(रायबरेली)।** भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल है,इस तपती धूप में यदि जरूरतमंदों को समय पर पानी मिल जाए तो इससे बडा पुण्य और इससे बड़ी और कोई सेवा नहीं हो सकती।

गर्मी के मौसम में जब पानी का एक घूंट व्यक्ति को मिल जाए तो वह बड़ी राहत महसूस करता है,ऐसे में सामाजिक संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन,उत्तर प्रदेश के संस्थापक जितेंद्र सविता के निर्देशन पर रायबरेली संस्था जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में समस्त जिला इकाई टीम सहित लालगंज नगर के अधिकतम सभी सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था की गई,जिसके चलते किसी भी राहगीर व विद्यार्थियों को इस भीषण गर्मी में पेय जल से संबंधित कोई दिक्कत न हो सके ।कस्बे के प्रमुख स्थानों जैसे हनुमान मंदिर बेहटा चौराहा,मलपुरा मां विंध्यवासिनी सिद्ध श्री बालाजी सरकार,लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,आलमपुर पंचमुखी हनुमान मंदिर,गुरूबक्शगंज चौराहा (चौकी), तिकोना पार्क,सोनालिका एजेंसी के पास,मंडी समिति के समीप,संस्था,कार्यालय इत्यादि सार्वजनिक जगहों पर संस्थान की ओर से शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था की गई है।



■ सेवा कार्य पर राहगीरों ने व्यक्त की प्रसन्नता

सेवा कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राहगीरों ने कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी में यदि रास्ते में ठंडा व स्वच्छ पानी मिल जाए,तो यह किसी वरदान से कम नहीं।

इस अवसर पर उपस्थित संस्था संस्थापक जितेंद्र सविता,जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष चन्दर,जिला महासचिव यशपाल सिंह,संस्था सलाहकार दिलीप कुमार वर्मा,मीडिया प्रभारी मनदीप कुमार,र-ाममिलन शर्मा,आदित्य वर्मा आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## ग्राम चौपाल में प्रधान प्रतिनिधि के बेटे ने वीडीओ को लात-घूंसों से पीटा, पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज

» सब का सपना संवाददाता

**रायबरेली**-महराजगंज ब्लॉक के पाली ग्राम पंचायत की है। पाली में रोस्टर के हिसाब से ग्राम चौपाल आयोजित की गई थी। ग्राम विकास अधिकारी संतशरण चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान प्रधान प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे पाली निवासी राजेंद्र कुमार का पुत्र सावंत कुमार उर्फ साहिल चौपाल में पहुंच गया। उसने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

### पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

वीडीओ के मना करने पर उन्हें लात मारकर ढकेल दिया। फिर लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि वीडीओ की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

### वीडीओ संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, जताया गुस्सा

वीडीओ के साथ आपराधिक वारदात के बाद ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने गुस्सा जताया। वैभव मिश्रा, महेंद्र शुक्ला, सर्वोत्तम सिंह, अरुण कुमार, अतुल कुमार आदि ने बीडीओ वर्षा सिंह को ज्ञापन देकर घटना की कड़ी निंदा की। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### ह्यूम पाइपों व रिबोर हैंडपंपों के सवाल पर प्रधान हुए चुप

वारदात के बाद सीडीओ अर्पित उपाध्याय के निर्देश पर जांच करने पहुंचे डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने दुजई को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि प्रधान आप हैं, तो प्रतिनिधि किसी और को क्यों बनाए हुए हैं। डीपीआरओ ने प्रधान से पूछा कि 53 हजार रुपये के ह्यूम पाइप की खरीद हुई है। खरीदी गईं पाइपों के मामले में जानकारी पूछी तो प्रधान जवाब नहीं दे पाए।

### प्रधान के खिलाफ भी कार्रवाई होगी

रिबोर किए गए हैंडपंपों के बारे में भी प्रधान जवाब देने में नाकाम रहे। डीपीआरओ ने महराजगंज थाने पहुंचकर भी घटना की जानकारी ली। डीपीआरओ ने बताया कि प्रधान दुजई हैं, लेकिन प्रतिनिधि के तौर पर राजेंद्र कुमार काम करते हैं। मामले में जांच शुरू की गई है। प्रधान के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, मचा हडकंप

### सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

» सब का सपना संवाददाता



**सरेनी(रायबरेली)** ।सोमवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला,इससे हड़कंप मच गया ।ससुर-ालीजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।पुलिस घटना के कारणों को तलाशने में जुट गई है ।थाना क्षेत्र के ठकुराइन गंज मजरे रालपुर गांव के रहने वाले सुरेश कुमार पुत्र देवी शंकर अपनी पत्नी स्वाती (उम्र 22 वर्ष) को लेकर बीते शनिवार को ससुराल बलभद्र खेड़ा थाना खीरों गए थे और रविवार को दोनों पति-पत्नी वापस ठकुराइन गंज आ गए ।सोमवार की सुबह करीब 8 बजे पति सुरेश कुमार दवा लेने चौराहे चला गया व उसके पिता देवीशंकर व मां सरोजिनी दरवाजे पर बैठे थे तभी स्वाती ने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से फांसी लगा लिया।

जब पति सुरेश चौराहे से लौटा और पत्नी को आवाज लगाया लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिली तो उसने खिड़की से झांक कर देखा तो स्वाती पंखे से फांसी पर लटक रही थी ।उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया,इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतका की शादी 26 अप्रैल 2024 को हुई थी ।फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की तलाश में जुट गई है ।वहीं उप निरीक्षक सुधीर पांडेय ने बताया कि स्वाती नाम की महिला ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था,जिसे तोड़कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया गया और शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेज दिया गया है ।अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रदेश के 7 जनपदों में महापुरुषों और देवी-देवताओं की मूर्तियों के लिए 1.23 करोड़ रुपये की स्वीकृति

» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा प्रयागराज, एटा, बांदा, सीतापुर, झांसी और अयोध्या जैसे जनपदों में महापुरुषों एवं देवी-देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के लिए कुल 1 करोड़ 23 लाख 42 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तय की गई है। इन मूर्तियों में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह, स्व. कमला बहुगुणा, अवंतीबाई होलकर, महंत अवैद्यनाथ, भक्त प्रह्लाद, नरसिंह भगवान, भगवान सूर्य नारायण, भगवान गणेश और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाएं शामिल हैं।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रीमती श्रद्धा शुक्ला को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

### प्रमुख स्वीकृतियां इस प्रकार हैं

प्रयागराजः स्व. कमला बहुगुणा की 5 फीट की कांस्य प्रतिमा के लिए ₹6.60 लाख
एटाः बाबू कल्याण सिंह की 12.5 फीट की खड़ी मूर्ति हेतु ₹19.75 लाख
बांदाः अवंतीबाई होलकर की 12.5 फीट की अश्वारोही कांस्य मूर्ति के लिए ₹27.05 लाख
सीतापुरः महंत अवैद्यनाथ की 12.5 फीट ब्रांज मूर्ति के लिए ₹14.81 लाख
झांसीः भक्त प्रह्लाद की मूर्ति ₹4.95 लाख व नरसिंह भगवान की मूर्ति ₹21.18 लाख

### अयोध्या

भगवान सूर्य नारायण की मूर्ति ₹2.56 लाख
भगवान गणेश की मूर्ति ₹12.50 लाख
महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति ₹14.01 लाख

यह पहल राज्य की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाने और श्रद्धा केन्द्रों को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बाढ़ से पहले बड़ी तैयारी

### यूपी सरकार ने तटबंध सुदृढ़ीकरण के लिए 200 करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी

» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए बाढ़ संभावित जिलों में सुरक्षा तैयारियों को मजबूती देने के लिए 200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यह राशि प्रमुख नदियों–सरयू, गंगा, राप्ती और रोहिन–के किनारे बसे क्षेत्रों में तटबंधों को मजबूत बनाने और बाढ़ नियंत्रण उपायों पर खर्च की जाएगी।

■ सरयू, गंगा, राप्ती और रोहिन नदी किनारे होंगे सुरक्षा उपाय, मानसून से पहले पूरी होंगी व्यवस्थाएं

इन परियोजनाओं के अंतर्गत आरसीसी पिलर का निर्माण, पुराने तटबंधों की मरम्मत, कटाव रोधी उपायों की व्यवस्था और नए पंपिंग स्टेशनों की स्थापना शामिल हैं।

सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि मानसून से पहले सभी जरूरी बाढ़ नियंत्रण उपाय पूरे कर लिए जाएं, ताकि जान-माल की हानि को प्रभावी रूप से रोका जा सके। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इन कार्यों की निगरानी उच्च स्तर पर की जाएगी और प्रभावित क्षेत्रों में समय पर राहत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## नकाबपोश बदमाशों ने होटल मालिक को पीटा

### गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल किया गया रेफर

» सब का सपना संवाददाता



**सरेनी(रायबरेली)** ।रविवार की शाम को नकाबपोश बदमाशों ने होटल मालिक पर लाठी सरिया से हमला कर दिया,इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।परिजन एंबुलेंस से उसे सीएचसी ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित पांच नकाबपोशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है ।थाना क्षेत्र के सतवाखेड़ा गांव के रहने वाले गुड्डू अली उर्फ भुट्टू उम्र 45 वर्ष पुत्र मगरू अली रविवार की शाम को अपने होटल के बगल में पेड़ के नीचे बैठे थे तभी दो बाइकों में सवार पांच नकाबपोश लाठी डंडो व सरिया से लैश होकर आ गए और गाली गलौज कर गुड्डू पर हमला कर दिया इससे वह घायल हो गए ।इसके बाद नकाबपोश जान से मारने की धमकी देकर भाग गए ।घायल गुड्डू अली को परिजन एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है ।गुड्डू की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित पांच नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है ।कोतवाल शिवाकांत पांडेय का कहना है कि दो नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला पंजीकृत है,घटना की सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मृदा नमूना संकलन हेतु विशेष अभियान की शुरूआत : उप निदेशक कृषि

» सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** उप कृषि निदेशक मुरादाबाद सन्तोष कुमार द्विवेदी द्वारा बताया गया है कि प्रमुख सचिव कृषि उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन मे सोमवार को पूरे उत्तर प्रदेश मे मृदा नमूना संकलन हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिस प्रकार से मनुष्य के स्वास्थ्य की जांच की जाती है, ठीक उसी प्रकार मृदा की स्वास्थ्य की जांच की जाती है। जनपद मुरादाबाद मे वित्तीय वर्ष 2025-26 मे कुल 16000 मृदा नमूना का लक्ष्य है जिसमे से 70 लक्ष्य खरीफ फसल मे पूर्ण किया जाना है। प्रत्येक विकास खंड मे कृषि निदेशालय लखनऊ से चिन्हित 20 ग्राम पंचायतों मे तथा चिन्हित प्रत्येक ग्राम पंचायत मे 100 मृदा नमूने लिये जायेंगे। मृदा नमूने लिये जाने के पश्चात मृदा परीक्षण प्रयोगशाला मुरादाबाद मे मृदा मे पाये जाने वाले पोषक तत्वों की मात्रा का परीक्षण किया जायेगा तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जायेगा। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उपलब्ध पोषक तत्वों के आधार पर फसल के अनुसार उर्वरकों, जैविक खाद इत्यादि का सुझाव दिया जाता है। मृदा नमूना संकलन हेतु विशेष अभियान सोमवार को प्रत्येक जनपद हेतु कृषि निदेशालय से नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सहायक निदेशक मृदा, मुरादाबाद मंडल, मुरादाबाद, हर्षित चौहान की देखरेख मे जनपद मुरादाबाद मे मृदा नमूने लिये जायेंगे। सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि मृदा नमूना संकलन मे अपना सहयोग प्रदान करें।

### पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली,गिरफ्तार



» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पुलिस ने शनिवार को वैशाली सेक्टर 5/6 पुलिया के पास हुई मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त तालिब पुत्र असरफ उर्फ असलम, निवासी मुरादनगर, गाजियाबाद को पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। युवक ने भागने की कोशिश की लेकिन बाइक फिसल गई। इसके बाद उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की। आत्मरक्षा में पुलिस ने न्यूनतम बल प्रयोग करते हुए जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी घायल हो गया।

अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, लूटी हुई चैन व लोकेट तथा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली में राह चलते लोगों से झपटमारी करता था और चोरी का सामान सस्ते दामों पर बेचकर मौज-मस्ती में खर्च करता था। उसने 3 मई को इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की बिहारी मार्केट में एक महिला की चैन लूटने की वारदात को भी स्वीकार किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, तालिब के खिलाफ लूट, स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट से जुड़े कुल 14 मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित



» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** भारतीय डाक विभाग एवं फ्लैट ओनर फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पत्र लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को 4 मई को एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 20 अप्रैल को आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद के चेयरमेन कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डाक विभाग के सीनियर सुपरिटेंडेंट भूर सिंह मीणा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व उपसचिव, हिन्दी अकादमी दिल्ली सरकार, ऋषि कुमार शर्मा और जी.डी. गोएंका स्कूल के निदेशक अवि गोयल शामिल थे। मंच संचालन राजनगर एक्सटेंशन फ्लैट ओनर फेडरेशन के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी ने किया।

प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया था। कक्षा 6 से 8वीं के वर्ग में ए.के. चिल्ड्रन स्कूल की तृषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सेंट जोसेफ स्कूल के स्वमित को द्वितीय एवं डीपीएस राजनगर की वान्या को तृतीय स्थान मिला।

कक्षा 9 से 12वीं वर्ग में ए.के. चिल्ड्रन स्कूल की भाव्यांशी द्विवेदी प्रथम स्थान पर रहीं, जीडी गोयंका स्कूल की वदीक्षा चौधरी को द्वितीय एवं आनंद डीपीएस के प्रणव सिंह तथा अवार्चीन इंटरनेशनल स्कूल की लावण्या माहेश्वरी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को पुरस्कार कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी एवं सीनियर सुपरीटेंडेंट भूर सिंह मीणा द्वारा प्रदान किए गए।

इस अवसर पर बोलते हुए कर्नल त्यागी ने कहा, केवल जीत से शिखर तक नहीं पहुंचा जा सकता, वहाँ पहुँचने के लिए ठोकर जरूरी है। उन्होंने बच्चों को संघर्ष और निरंतर प्रयास की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद सुमन लता, वरिष्ठ नागरिक मंच के डॉ. राजीव श्रीवास्तव, शरद सिंघल, अनिल गुप्ता, मृदुल महेश, वरुण त्यागी, नीतिका शुक्ला, अरुण शुक्ला, चिंकी शर्मा, रश्मि चौहान, ललित गुप्ता, विपिन त्यागी, राजेश मिश्रा व डॉ. दर्शना अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अवैध तरीके से वेव सिटी के खिलाफ धरना दे रहे हैं प्रदर्शनकारी

» सब का सपना संवाददाता




**गाजियाबाद।** शहर में बन रही हाईटेक सिटी वेव सिटी में मुआवजे की मांग को लेकर आए दिन हो रहे प्रदर्शन से जहां स्थानीय लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है वहीं विकास कार्य में भी बाधा पहुंच रही है। जबकि भारतीय किसान संगठन इस धरने को अवैध बता चुका है। वहीं प्रदर्शनकारी न्यायालय के आदेश को भी नहीं मान रहे हैं।


लगातार कुछ लोग तथाकथित किसान संगठन बनाकर लगातार प्रदर्शन करके मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जबकि वेव सिटी प्रबंधन साफ कर चुका है कि जिन शर्तों के साथ समझौता हुआ था वह सब शर्तें मान ली गई हैं। इसके लिए बाकायदा जिला प्रशासन की मौजूदगी में किसान संगठनों और वेव सिटी प्रबंधन के बीच लिखित में समझौता हो चुका है। यह समझौता मई 2014 में हुआ था। प्रदर्शनकारियों की इस तरह की मांगों को लेकर भारतीय किसान संगठन साफ कर चुका है कि वेव सिटी में चल रहा धरना–प्रदर्शन अवैध है। कुछ दिन पूर्व

भारतीय किसान संगठन के गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल के प्रभारी लोकेश नागर की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया था कि वेव सिटी में चल रहा धरना अवैध है। पत्र में कहा कि यह धरना बाहरी नेताओं की ओर से दिया जा रहा है। पत्र के मुताबिक कंपनी और किसानों के बीच जो समझौता हुआ था उसे कंपनी ने मान लिया है। पत्र में कहा गया है कि 20 अक्टूबर 2024 को कंपनी और क्षेत्र के लोगों के बीच जो समझौता हुआ उसे कंपनी ने मान लिया और लगातार रजिस्ट्री भी हो रही है। साथ ही कंपनी समझौते के मुताबिक विकास कार्य को भी करा रही है।

पत्र में कहा गया है कि कुछ लोग अधिक दाम में बेची हुई जमीन के लिए भी प्लॉट की मांग कर रहे हैं और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि 2014 के समझौते से इसका कोई मतलब नहीं है। उस समय भी यह समझौता हम लोगों के ही बीच हुआ था। पत्र में कहा गया है कि भारतीय किसान संगठन के लोग 21 अक्टूबर 2024 के समझौते से पूरी तरह से रजामंद है जिस पर क्षेत्र के लगभग 250 किसानों के हस्ताक्षर हैं और इस धरने का विरोध करते हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से कुछ तथाकथित बाहरी नेता किसानों के नाम पर धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही वेव सिटी में जाकर लोगों को डराने–धमकाने से लेकर जबरन रोड जाम कर रहे हैं। इससे जहां लोगों को मुश्किलें हो रही है वहीं यहां हो रहे विकास कार्य में भी बाधा पहुंच रही है।

## धूमधाम से निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा, पुष्प वर्षा से स्वागत

» सब का सपना संवाददाता




**धनौरा।** भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा नगर क्षेत्र में धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम सहित कई सुंदर सुंदर झांकियां शामिल थी वहीं सुरक्षा के मद्देनजर शोभायात्रा में भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

शोभायात्रा महादेव स्थित भगवान परशुराम मंदिर से शुरू होकर कंचन बाजार, गंज बाजार, बड़ा फाटक, छोटा फाटक, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, छोटी मस्जिद, तिकोना स्कूल, बड़ी मस्जिद, होली पार्क चौराहा से बाईपास मार्ग होते हुए वापस भगवान परशुराम मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल सुंदर सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। जिससे पूरे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के समापन पर सभी भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर राजीव दीक्षित, मुकेश शर्मा, निपुण दीक्षित, सूरज वशिष्ठ, प्रलभ शास्त्री, संजू शर्मा, विशाल कौशिक आदि मौजूद रहे।

## निशुल्क आयुर्वेद शिविर के लिए 75 रोगियों ने करायी स्क्रीनिंग

» सब का सपना संवाददाता




**बुलन्दशहरः** बवासीर ,भगन्दर, फिशर एवं पिलोनाइडल साइनस आदि गम्भीर रोगों पर आज 5 मई से आयोजित होने वाले निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के लिए निशुल्क 75 रोगियों ने स्क्रीनिंग करायी । शिविर के लिए एक ढाई साल के बच्ची ,जिसको मलद्वार से पिछले एक माह से आंव के साथ खून आ रहा था। उसकी भी स्क्रीनिंग करके चिकित्सा की गई। इस अवसर पर शिविर संयोजक क्षारसूत्र एवं पञ्चकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य हितेश कौशिक ने बताया कि अधिकांश रोगियों में गुदारोग होने का कारण मलवेग को रोकना या अधिक पानी लेकर एवं पेट साफ करने वाली दवाओं का अधिक मात्रा में सेवन करना पाया गया । कर्नाटक से पधारे हुए पञ्चकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य राघवेंद्र राव ने बताया कि लीवर के सही तरीके से कार्य नही करने से कब्ज हो जाती है जोकि गुदारोग का एक बड़ा कारण है। वैद्य सुचित्रा ने बताया कि महिलाएं अपने रोग को सही समय से नहीं दिखातीं है जिसके कारण यह रोग विकराल रूप धारण कर लेता है ।शिविर का समापन 7 मई को दोपहर 2 बजे होगा ।इसके दौरान पुष्य नक्षत्र के दिन 30 बच्चों को निशुल्क स्वर्णप्राशन भी कराया गया ।इस अवसर डॉक्टर विनय, डॉक्टर प्रज्ञा, राजीव आदि का सहयोग रहा।

# युवाओं को रोजगार दिलाए सरकार : वीरपाल

» सब का सपना संवाददाता



**धनौरा।** तहसील क्षेत्र में रविवार को सर्व जातीय महासभा की एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सर्व जातीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू दिवाकर व विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह ने पहुंचकर प्रेस वार्ता की कार्य कताओं ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रेस वार्ता के दौरान विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह ने कहा कि सर्वजातीय महासभा सरकार और समाज के बीच में एक सेतु है अगर कहीं किसी प्रकार का अत्याचार किसी भी समाज के ऊपर किसी के द्वारा किया जाता है तो हमारी सर्व जातीय महा सभा उसके खिलाफ आवाज उठाने का काम करती है चाहे वह किसानों, छात्रों या किसी गरीब इंसान को दबाने की बात हो इन तमाम मुद्दों को लेकर के हम समाज की लड़ाई लड़ने का काम करते हैं। सरकार द्वारा जो योजनाएं समाज के लिए लागू की जाती हैं उसका बीच में प्रशासन के द्वारा दोहन कर दिया जाता है भ्रष्ट कर्मचारियों की वजह से लोगों को उनका लाभ नहीं मिल पाता सर्व जातीय महासभा द्वारा लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है। हमारा उद्देश्य है कि कहीं भी किसी भी प्रकार से अगर किसी को उसके हक अधिकारी से वंचित किया जाता है तो उसकी लड़ाई लड़ने का काम सर्व जातीय महासभा करती है गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह करवाया जाता है वहीं उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि युवा डिग्रियां प्राप्त कर रोड़ पर बेरोजगार घूम रहा है।

सरकार का ध्यान रोजगार की तरफ नहीं है सरकार युवाओं के रोजगार की व्यवस्था करे। सरकार द्वारा जातीय जनगणना को लेकर उन्होंने कहा कि यह सरकार का बहुत अच्छा कदम है हम इसका स्वागत करते हैं जातीय जन गणना से तमाम हिंदुस्तान से यह चीज निकलकर आएगी जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उन्होंने कहा कि यह पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला बहुत ही निंदनीय है उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है इस प्रकार की आतंकवादी घटनाएं नहीं होनी चाहिए और इनको धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए आतंकवादी किसी भी धर्म का नहीं होता आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होता है। इस मौके पर अजय गिल, कमल वीर सिंह, गुरमीत सिंह, सचिन प्रधान आदि मौजूद रहें।

## भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई नीट की परीक्षा

» सब का सपना संवाददाता

**सम्भल।** रविवार को चंदौसी के नगर के 3 परीक्षा केंद्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था में नीट की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एक ही पारी में संपन्न करायी गई।

जिसमें पुलिस सुबह 9 बजे से ही तेनात रही और दूसरी और 11 से 1.30 बजे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। रविवार को शहर के तीन परीक्षा केंद्र एसएम डिग्री कॉलेज व एसएम इंटर कॉलेज व चन्दौसी इंटर कॉलेज चंदौसी में नीट की परीक्षा मे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई।

बही मोके जायजा लेने पहुचे एडीएम प्रदीप वर्मा, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 480-480 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

अधिकांश परीक्षार्थी सुबह 10 बजे से ही अपने-अपने परीक्षा केंद्र के बाहर पहुंच गए। जिन्हें सुबह 11 से 1.30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने आरंभ कर दिया। प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। इसके बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा एक पारी में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न कराई गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। बही एक युवती मुस्कान की परीक्षा छूट गई जो की सम्भल की रहने बाली थी और बो मायूस होकर अपने घर बापस लोट गई।

## सिनेमा की आत्मा को छूने की एक नई पहल है फिल्मोर, सिनेमा के पुनर्जागरण एवं वैचारिक क्रांति लाने का है यहीं सही वक्त

» सब का सपना संवाददाता

**नई दिल्लीः** चकाचौंध और सोशल मीडिया के शोरगुल में डूबी फिल्मी दुनिया में, एक नई किरण फूट पड़ी है - 'फिल्मोर'। एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी में, फिल्मोर ने फिल्मी पत्रकारिता के परिदृश्य को बदलने का संकल्प लिया है। यह महज एक पहल नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है, जो सिनेमा को मनोरंजन से कहीं बढ़कर, सामाजिक संवाद और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम बनाने का सपना देखता है।

संगोष्ठी में फिल्म निर्देशक अविनाश दास ने कहा कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण होना चाहिए। यह विचार फिल्मोर के दृष्टिकोण को दशार्ता है, जो पर्दे के पीछे की कहानियों को उजागर करने और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करने का इरादा रखता है।

फिल्मोर की संस्थापक और सीईओ सैंजला ने स्पष्ट किया कि यह पहल टीआरपी की अंधी दौड़ में खोई हुई पत्रकारिता को सही दिशा दिखाने का प्रयास है।

उनका कहना है कि फिल्मोर सेलिब्रिटी गॉसिप से ऊपर उठकर सभ्यता की कहानियों को सामने लाएगा, जो रेड कार्पेट और सतही चचाओं से परे, सिनेमा की गहराई



और उसके महत्व को समझने पर केंद्रित होगा।

फिल्मोर के क्रिएटिव डायरेक्टर अनिल शारदा ने इसे 'प्रतिरोध का मंच' बताते हुए कहा कि आज जब हर खबर जल्दबाजी में परोसी जा रही है, तो फिल्मोर का ठहराव एक क्रांति के समान है। उनका मानना है कि फिल्म सिर्फ एक दृश्य नहीं, बल्कि एक विचार है, जो समाज को प्रेरित और आंदोलित कर सकता है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए नीरज झा ने कहा कि फिल्मोर की सबसे बड़ी खूबी है तकनीक और मानवीय दृष्टिकोण का अद्भुत संगम। यहां, यारा एआई मात्र एक उपकरण नहीं, बल्कि एक संवेदनशील सहयोगी के रूप में देखा जाता है, जो गहराई से विश्लेषण करने और छिपे हुए अर्थों को उजागर करने में मदद करता है।

फिल्मोर एक वैकल्पिक और विचारशील फिल्म पत्रकारिता की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह पहल फिल्मी खबरों को सिर्फ 'शब्द' नहीं, बल्कि 'संदर्भ' देने का वादा करती है। यह सिनेमा की आत्मा को छूने और उसे एक नए दृष्टिकोण से देखने की एक साहसिक पहल है, जिसकी फिल्म जगत को बेसब्री से तलाश थी। अब देखना यह है कि फिल्मोर अपने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को किस प्रकार प्राप्त करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 के टिकटों की बिक्री शुरू

**बेंगलुरु (एजेंसी)** नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। यह भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार टिकट 199 रुपये से 9,999 रुपये की रेंज में उपलब्ध है । ज़ोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है। विज्ञप्ति के अनुसार 44,999 रुपये की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं। कर्नाटक ओलंपिक संघ (केओए) और युवा सशक्तिकरण और खेल विभाग (डीवाईईएस) सहित राज्य संघ और सरकारी निकाय विश्व स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### केआईवाईजी: राजस्थान की एयर पिस्टल मिश्रित टीम ने जीता पहला स्वर्ण

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्राची और मयंक चौधरी की राजस्थान की जोड़ी ने सोमवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में उत्तर प्रदेश को हराकर खेलो इंडिया युवा खेलों गेम्स (केआईवाईजी) का पहला स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों टीमें 15-15 से बराबरी पर थी तभी अपने दूसरे केआईवाईजी में भाग ले रही प्राची ने 10.6 के निशाने के साथ उत्तर प्रदेश की देव प्रताप और उर्वा चौधरी की जोड़ी के खिलाफ राजस्थान की जीत पक्की कर दी। प्राची ने पिछले आयोजन में इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था। उत्तर प्रदेश के 14 साल के देव प्रताप ने इस दौरान अपने खेल से प्रभावित किया। उन्हें 17 साल की उर्वा का अच्छा साथ मिला जो तीसरी बार केआईवाईजी में भाग ले रही है।

### श्रीकांत, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें ताइपे ओपन में लय पर

**ताइपे (एजेंसी)** लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे किदाम्बी श्रीकांत और कई भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 240000 डॉलर ईनामी राशि के ताइपे ओपन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे । दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत लगातार चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं जिसके कारण वह मौजूदा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर खिसक गए हैं । विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता 32 वर्ष के श्रीकांत पिछले साल 14 टूर्नामेंटों में खेले और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्विस ओपन में रहा जिसमें वह सेमीफाइनल तक पहुंचे थे । इस साल श्रीकांत ने पांच टूर्नामेंट खेले और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में रहा जिसमें वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे । श्रीकांत का सामना पहले दौर में हमवतन एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रहमण्यम से होगा जिन्होंने इस साल मार्च में स्विस ओपन में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया था ।

### हर खिलाड़ी ने योगदान दिया, प्रभसिमरन ने असाधारण पारी खेली : अय्यर

**धर्मशाला (एजेंसी)** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को हराने के बाद कहा कि जीत में हर खिलाड़ी ने योगदान दिया और प्रभसिरमन सिंह (91 रन) की पारी असाधारण रही।

पंजाब किंग्स 37 रन की जीत से 15 अंक लेकर तालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (16 रन) से पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गई। युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन 'मैन ऑफ द मैच' रहे जिनके अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की बदौलत पंजाब किंग्स ने सातवीं जीत दर्ज की।

प्लेआफ का सपना अभी भी बरकरार

# हम हालात बदल सकते हैं : पंत



**धर्मशाला(एजेंसी)** खराब प्रदर्शन से निराश लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने अभी भी आईपीएल प्लेआफ में प्रवेश की उम्मीद छोड़ी नहीं है और उनका मानना है कि बाकी तीन मैचों में उनकी टीम हालात बदल सकती है। बल्लेबाजों के एक बार फिर खराब प्रदर्शन के कारण लखनऊ को रविवार को पंजाब किंग्स ने 37 रन से हराया ।

लखनऊ के अब 11 मैचों में दस अंक है और तालिका में वह सातवें स्थान पर है । टीम का नेट रनरेट माइनस 0.47 है और सिर्फ बाकी तीन मैच जीतने से पंत की टीम प्लेआफ में नहीं पहुंच सकेगी। पंत ने मैच के बाद कहा ,'' सपना अभी भी बरकरार है । अगर हम अगले तीन मैच जीत जाये तो हालात बदल सकते हैं ।'' उन्होंने स्वीकार किया कि 236 रन का लक्ष्य बहुत अधिक था और उनकी फील्डिंग भी औसत रही । उन्होंने कहा ,''हमने बहुत रन दे दिये । निर्णायक समय पर कैच टपकाने का खामियाजा भुगतना पड़ता है । हमने शुरूआत ही अच्छी नहीं की लेकिन यह होता है ।'' पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा ,'' सही समय पर सभी ने योगदान दिया जो अहम है ।''

उन्होंने 48 गेंद में 91 रन बनाने वाले प्रभसिमरन सिंह की तारीफ करते हुए कहा ,'' जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की, वह शानदार था । उसे देखकर बहुत अच्छा लगा ।'' उन्होंने कहा ,'' हमें फील्डिंग में सुधार करना होगा । आगे के मैचों में इस पर ध्यान देना जरूरी है ।''

## गिल पर टीम के नेतृत्व का अधिक भार का असर नहीं: सोलंकी

**मुंबई (एजेंसी)** गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने सोमवार को कहा कि कुछ नेतृत्व का भार कुछ खिलाड़ियों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है लेकिन शुभमन गिल ने गुजरात टाइटन्स के कप्तान के रूप में अपनी भूमिका में अच्छा प्रदर्शन किया है। गिल पिछले साल टाइटन्स के पूर्णकालिक कप्तान बने थे। उन्होंने इस सत्र में 10 मैचों में 51.66 की औसत और 162 से अधिक के स्ट्राइक रेट के साथ पांच अर्धशतक के साथ 465 रन बनाये है।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर सोलंकी ने वानखेड़े स्टेडियम में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान मीडिया से कहा, ''जहां तक नेतृत्व का सवाल है वह वास्तव में कप्तानी की भूमिका में ढल गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति होता है जो शुभमन जैसा प्रतिभाशाली, असाधारण बल्लेबाज होता है, तो कभी-कभी आपको इस बात की चिंता हो सकती है कि नेतृत्व का कही नकारात्मक असर तो नहीं पड़ेगा।''



## चेन्नई सुपरकिंग्स ने चोटिल वंश बेदी की जगह उर्विल पटेल को टीम में शामिल किया




**चेन्नई (एजेंसी)** चेन्नई सुपरकिंग्स ने बाएं टखने में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र से बाहर हुए वंश बेदी की जगह गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को अपनी टीम में शामिल किया है।

पटेल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों में शतक जड़ा कर सुर्खियां बटोरी थी। यह किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज टी20 शतक है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 टी20 मैचों में 1,162 रन बनाए हैं। वह इससे पहले 2023 सत्र में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे। पटेल 30 लाख रुपये की अपनी आधार मूल्य पर चेन्नई की टीम से जुड़े।

चेन्नई सुपरकिंग्स 11 मैचों में से सिर्फ दो जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। टीम को अपने बचे हुए मुकाबलों में कोलकाता नाइटराइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस का सामना करना है।

## 'उपचार कार्यक्रम' पूरा करने के बाद रबाडा खेलने के लिये उपलब्ध

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** मनोरंजन के लिये प्रतिबंधित ड्रग का सेवन करने के कारण अस्थायी निलंबन झेल रहे दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ' ड्रग सेवन उपचार कार्यक्रम' पूरा करने के बाद अब आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के लिये खेलने को उपलब्ध हैं । दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान के एक बयान के अनुसार रबाडा अब मैदान पर उतर सकते हैं ।रबाडा निलंबन पूरा करके गुजरात टीम से जुड़ चुके हैं । गुजरात का सामना मंगलवार को मुंबई में मुंबई इंडियंस से होगा ।



तीस वर्ष के रबाडा को जनवरी में एसए20 के दौरान डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया था । अब निलंबन हटने से वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल भी खेल सकेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया ,'' रबाडा प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के दोषी पाये गए थे और उन्हें एक अप्रैल 2025 को इसके बारे में सूचित कर दिया गया था । उन पर अस्थायी निलंबन लगाया गया और वह तुरंत भारत से दक्षिण अफ्रीका लौट आये।''

## पंकज आडवाणी ने सीसीआई बिलियड्र्स क्लासिक जीता



**मुंबई (एजेंसी)** दिग्गज क्यू खिलाड़ी (बिलियड्र्स और पूल) पंकज आडवाणी ने फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए ध्रुव सितवाला को 5-2 से हराकर अपना तीसरा सीसीआई बिलियड्र्स क्लासिक खिताब जीता। आडवाणी ने सितवाला के खिलाफ 10-150, 150-148, 81- 150, 150-96, 150-136, 150-147, 150-137 से हराया।

रविवार को देर रात खेले गए फाइनल के शुरुआती तीन फ्रेम में आडवाणी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर थे लेकिन उन्होंने दूसरे फ्रेम में सितवाला द्वारा दिए गए अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। आडवाणी ने चौथा फ्रेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और लय हासिल करने के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने अगले तीन फ्रेम जीतकर जीत सुनिश्चित की और ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। उप विजेता सितवाला को डेढ़ लाख रुपये की इनामी राशि मिली। आडवाणी ने कहा, ''यह जीत मेरे लिए विशेष है।'' आडवाणी ने इससे पहले 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीता।

## भारत ने वनडे और टी20 में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

### चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर

**दुबई (एजेंसी)** भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट प्रारूप में वह एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है।

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ा।

अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है।

टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबॉब्वे का नंबर आता है।

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं।

बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं।

# गेंदबाजों को आखिरकार कुछ स्विंग मिल सकती है: शामी

### लंबे समय से नियम बल्लेबाजों के पक्ष में रहे हैं लेकिन अब अंतत : चीजें थोड़ी बदल रही हैं : शमी

**हैदराबाद (एजेंसी)** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि आईपीएल 2025 में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कदम ने इस टी20 लीग में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बहाल कर दिया है जो लंबे समय से गेंदबाजों के लिए कब्रगाह रही है।

आईपीएल के मौजूदा सत्र की शुरुआत से पहले बीसीसीआई ने गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध हटा दिया और रात के मुकाबलों में ओस से निपटने के लिए 'दो गेंद' का नियम लागू किया जिससे गेंदबाजों को बहुत राहत मिली जो गेंदबाजी नियमों में बदलाव की वकालत कर रहे थे।

शमी ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा, ''लंबे समय से नियम बल्लेबाजों के पक्ष में रहे हैं लेकिन अब अंततः चीजें थोड़ी बदल रही हैं।'' उन्होंने कहा, ''कोविड के बाद लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध ने गेंद को रिवर्स स्विंग कराना मुश्किल बना दिया था लेकिन इसे हटाए जाने के बाद गेंदबाजों को अंततः कुछ स्विंग वापस मिल सकती है। साथ ही गीली गेंद को बदल पाना एक बड़े फायदे की स्थिति है- सूखी गेंद बेहतर पकड़ और मौके देती है, विशेषकर कठिन परिस्थितियों में।



दिलचस्प बात यह है कि बीसीसीआई ने ये बदलाव शमी द्वारा गेंद पर लार के इस्तेमाल के महत्व पर जोर दिए जाने के कुछ दिनों बाद लागू किए। घुटने की चोट के कारण एक साल से अधिक समय तक बाहर रहे शमी ने कहा कि लय और मानसिकता हासिल करना कठिन था। शमी ने कहा, ''चोटें एक तेज गेंदबाज के जीवन का हिस्सा हैं। मुझे ठीक होने में 14 महीने लगे और यह आसान नहीं था, विशेषकर घरेलू करियर के दौरान मैंने जिन चुनौतियों का मैंने सामना किया उन्हें देखते हुए। लय और सही मानसिकता हासिल करना कठिन था।''

इस तेज गेंदबाज ने कहा, ''2023 में मैं अचानक चोटिल हो गया इसलिए मैंने जितना संभव हो सके उतने घरेलू मैच खेलने का फैसला किया - 12 या 13 मैच खेले। इंग्लैंड श्रृंखला के साथ-साथ इसने मुझे आत्मविश्वास फिर से हासिल करने में मदद की। जब प्रदर्शन की बात आती है तो मैंने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित किया है।'' वर्ष 2023 में स्वदेश में हुए एकदिवसीय विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन के तुरंत बाद शमी चोटिल हो गए और लंबे समय तक खेल से दूर रहे। शमी ने अपनी नई फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने के अनुभव के बारे में भी बताया।

शमी ने कहा, ''सनराइजर्स ने मेरा नजरिया पूरी तरह से बदल दिया है। जो 200 रन का लक्ष्य हुआ करता था, अब 300 जैसा लगता है। उन्होंने खेल को फिर से परिभाषित किया है। जहां तक मेरी भूमिका की बात है तो मैं एक ऐसी टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जो नए मानक स्थापित करे और मानसिकता बदले। मुझे लगता है कि मैं एक मजबूत टीम में शामिल हो गया हूं और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।'' उन्होंने कहा, ''सनराइजर्स में हमने एक मजबूत गेंदबाजी इकाई भी बनाई है- एक ठोस तेज गेंदबाजी आक्रमण और उसका समर्थन करने के लिए बेहतरीन स्पिनर। कुल मिलाकर हमारी गेंदबाजी अब बहुत संतुलित है और जो लोग सोचते हैं कि सनराइजर्स सिर्फ बल्लेबाजी के बारे में है, वे गलत हैं।'' शमी ने सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस के नेतृत्व कौशल की भी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज अनुभवी अंतरराष्ट्रीय सितारों और युवा खिलाड़ियों दोनों को संभालने में माहिर है।

## मैं वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेता हूं: अर्शदीप सिंह

**धर्मशाला (एजेंसी)** पंजाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना।



अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़लवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

अर्शदीप ने मैच के बाद कहा, ''मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता और अभी केवल वर्तमान में जीने का पूरा आनंद ले रहा हूं। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, '''यहां शुरू में गेंद को थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था और मैंने वास्तव में इसका पूरा आनंद लिया।'' अर्शदीप खुश हैं कि वह पावरप्ले के अंदर मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे धाकड़ बल्लेबाजों के विकेट लेने में सफल रहे।



# भारतीय सिनेमा में पुरुषों का दबदबा बहुत ज्यादा: सामंथा रुथ प्रभु


**भारतीय** सिनेमा की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माता के तौर पर भी काम कर रही हैं। इस लिस्ट में सामंथा रुथ प्रभु का नाम भी शामिल है। वह अपने प्रोडक्शन हाउस त्रालाला मूविंग पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म शुभम को लेकर काफी चर्चा में हैं। बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि भारतीय सिनेमा में महिलाओं की आवाज और कहानियों को मंच देने की जरूरत है। जब आईएएनएस ने सामंथा से पूछा कि क्या वे एक प्रोड्यूसर के रूप में ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो महिलाओं के दृष्टिकोण को गहराई से समझें, तो उन्होंने जवाब दिया, एक महिला होने के नाते मेरी पहचान मेरे काम के हर पहलू में दिखेगी, खासकर फिल्मों को चुनते या बनाते समय। यह मेरे लिए गर्व की बात है। मैं ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित होती हूं जो महिलाओं को सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि एक गहराई से भरा इंसान दिखाएं। सामंथा ने कहा, मुझे लगता है हमारी फिल्म इंडस्ट्री को महिलाओं के नजरिए की ज्यादा जरूरत है। फिल्मों में महिलाओं की सोच, अनुभव और दृष्टिकोण को ज्यादा जगह मिलनी चाहिए। अभी भी इंडस्ट्री में पुरुषों का दबदबा बहुत ज्यादा है। मैं यह बात नकारात्मक रूप में नहीं कह रही हूं, बल्कि बस एक सच्चाई को सामने रख रही हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ज्यादा महिला फिल्म निर्माताओं और कहानीकारों को आगे आने की जरूरत है। एक्ट्रेस ने कहा, यह याद रखना जरूरी है कि महिलाएं दुनिया की आधी आबादी हैं, इसलिए हमें और महिला प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और रचनात्मक लोग चाहिए, जो अपनी आवाज और अनुभव सामने ला सकें। सामंथा ने कहा कि वह ऐसे प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहती हैं जो आधुनिक महिलाओं से जुड़ी हों, जो आज की महिलाओं के संघर्ष, स्वतंत्रता और जज्बातों को सच्चाई और गहराई से दिखाएं।



## मैं कॉफी शॉप भी साड़ी पहनकर जाती हूं, ये मेरा पसंदीदा परिधान: लक्ष्मी मांचू

**भारतीय** अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और साउथ के साथ ही अमेरिकी टेलीविजन में काम कर चुकीं लक्ष्मी मांचू ने बताया कि उन्हें साड़ी से खास लगाव है। यह उनका पसंदीदा परिधान है। साड़ी के प्रति अपने प्रेम का इजहार करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि वह ऐसी महिला हैं, जो कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है। लक्ष्मी मांचू 'मेक इन इंडिया' के तहत एक इवेंट में शामिल हुईं, जिसमें कांचीपुरम, कोटा साड़ियों के अलावा देश के अन्य हिस्सों के कपड़े देखने को मिले। लक्ष्मी ने कहा, मुंबई में असली जरी नहीं मिलती है। मैंने मास्टर कारीगरों से मिलकर असली जरी खरीदी और उनसे अपनी खास साड़ी तैयार कराई। मैंने कलमकारी डिजाइन भी हाथ से बनाए, जिसके बारे में बुनकरों ने खुद कहा कि उन्होंने यह पहले कभी नहीं देखा था। लक्ष्मी ने बताया कि साड़ियां सबसे सुंदर परिधानों में से एक हैं, जो भारतीय परंपराओं और संस्कृति के सार को दिखाती हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसी महिला हूं जो मुंबई में कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है, क्योंकि मेरे लिए यह सबसे सुंदर और पसंदीदा परिधान है। मेरा मानना है कि हमें अपने पहनावे के माध्यम से अपनी परंपराओं और संस्कृति को दुनिया के सामने लाना चाहिए। साड़ी दुनिया भर में पसंद की जाती है। लक्ष्मी मांचू मशहूर अभिनेता मोहन बाबू की बेटी हैं। उन्होंने अमेरिकी टेलीविजन सीरीज 'लास वेगास' से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने जेम्स लेसुरे की प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। इसके बाद अभिनेत्री 'लेट नाइट्स विद माई लवर' और 'मिस्ट्री ईआर', यक्षिणी जैसी सीरीज में भी काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री साल 2022 में आई फिल्म मॉन्स्टर में नजर आईं। एक्शन-थ्रिलर का निर्देशन वैसाख ने किया है। फिल्म में लक्ष्मी मांचू के साथ मोहनलाल, हनी रोज, सिद्दीकी, सुदेव नायर, केबी गणेश कुमार, लीना, जॉनी एंटनी और जगपति बाबू मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा वह अपने पिता के साथ अग्नि नक्षत्रम में भी काम कर चुकी हैं।

## बॉलीवुड की शेट्टी सिस्टर्स ने चैलेंज किया स्वीकार, इंस्टाग्राम पर दिया फिटनेस का सबूत



**बॉलीवुड** की शेट्टी सिस्टर्स यानी शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और शमिता शेट्टी आए दिन एक-दूसरे पर प्यार बरसाती रहती हैं। वे सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। इन दिनों दोनों बहनों पर चैलेंज का बुखार चढ़ा है। शिल्पा और शमिता ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर की हैं, जिसमें दोनों एक चैलेंज को पूरा करती नजर आ रही हैं। बात करें पहले शिल्पा शेट्टी की तो, एक्ट्रेस जिम में बॉल के साथ खेलती नजर आ रही हैं। यह खेल ही चैलेंज है। जो दिखने में तो आसान है, लेकिन बहुत मुश्किल है। शिल्पा पुशअप पोजिशन में हैं। वह एक हाथ से बॉल को उछालती हैं, और दूसरे हाथ से तेजी से कैच करती हैं। इस दौरान वह उसी पोजिशन में बनी रहती हैं।

इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, बॉल ड्रॉप चैलेंज... इसे शुरू करते हैं। यह चैलेंज आपके पेट और कमर की ताकत, कंधों की मजबूती, आंखों और हाथों के बीच तालमेल और आपकी प्रतिक्रिया के समय आदि का टेस्ट लेता है। अब बारी तुम्हारी है! देखो तुम कितनी देर तक गेंद को बिना गिराए और खुद को बैलेंस रखकर पकड़ सकते हो?

बता दें कि बॉल ड्रॉप चैलेंज का मतलब एक ऐसे फिजिकल चैलेंज से है, जिसमें कोई व्यक्ति गेंद को बार-बार गिराता है और अपनी पोजिशन से हिले बिना उसे तेजी से पकड़ना होता है। वहीं शमिता शेट्टी ने भी चैलेंज को पूरा करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनके मजबूत ट्राइसेप्स दिख रहे हैं। दरअसल, यह चैलेंज भी बॉल ड्रॉप चैलेंज के जैसा ही है। इसमें प्लेट को छोड़ना और तेजी के साथ पकड़ना होता है। इस चैलेंज को पूरा करते हुए शमिता ने कैप्शन में लिखा- मैंने कर दिखाया! चैलेंज एक्सेप्टेड। सोशल मीडिया पर शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी दोनों के ही वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। बॉल ड्रॉप चैलेंज धीरे-धीरे इंटरनेट पर अधिक देखने को मिल रहा है।



## बाबिल खान का इंस्टाग्राम अकाउंट हुआ एक्टिव, पोस्ट शेयर कर दी सफाई, जुयाल-सिद्धांत को कहा शुक्रिया

रविवार को अभिनेता बाबिल खान का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे रोते नजर आए और इंडस्ट्री के कुछ सितारों को कथित तौर पर फेक बताया। इसके बाद उनका इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट हो गया। हालांकि अब यह फिर शुरू हो चुका है। एक्टर बाबिल खान के वायरल वीडियो ने सोशल मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। रविवार को उनका एक वीडियो सामने आया, जो कथित तौर पर उन्होंने ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया। इसमें वे अनन्या पांडे, अर्जुन कपूर, राघव जुयाल और सिद्धांत चतुर्वेदी सहित कई स्टार्स को फेक बताते दिखे। इसके बाद बाबिल का इंस्टा अकाउंट डिलीट हो गया। हालांकि, इस बारे में उनकी मां सुतापा ने पोस्ट शेयर किया। अब बाबिल का अकाउंट फिर से शुरू हो गया है।

## सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार आमिर खान की 'सितारे जमीन पर', सामने आई डेट




**अभिनेता** आमिर खान की अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ताजा जानकारी के साथ आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर स्टारकास्ट के साथ ही बताया कि फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, प्यार और खुशी का जश्न मनाती एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में आ रही है। 'सितारे जमीन पर' के फर्स्ट पोस्टर में आमिर खान के साथ दस और सितारे नजर आए। इन नए चेहरों के नाम सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, गोपी कृष्ण वर्मा, अरूष दत्ता, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, सिमरन मंगेशकर और नमन मिश्रा हैं। बता दें, अपकमिंग फिल्म के साथ आमिर खान लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं। हालांकि, उनके किरदार के बारे में निर्माताओं ने कोई जानकारी नहीं दी है। आर. एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी सितारे जमीन पर के प्रोड्यूसर आमिर खान और किरण राव हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी जी श्रीनिवस रेड्डी ने की है। फिल्म में शंकर-एहसान-लॉय ने संगीत दिया है। फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। निर्माताओं ने सितारे जमीन पर का ऐलान साल 2023 में किया था। जानकारी के अनुसार फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हुई थी।

## 'फूलमती' बनीं नीना गुप्ता, तस्वीर शेयर कर फैंस को दिखाई झलक




बधाई हो, पंचायत जैसे मनोरंजन से भरपूर फिल्म और वेब सीरीज में काम कर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली अभिनेत्री नीना गुप्ता सोशल मीडिया पर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। इसी कड़ी में नीना ने आइवरी कलर की साड़ी में लेटेस्ट तस्वीर शेयर की। खूबसूरत तस्वीर के साथ किसी चीज ने ध्यान खींचा तो वो है उनका खुद को दिया नाम! इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीर को शेयर करते हुए नीना ने कैप्शन में लिखा, फूलमती। आइवरी कलर की साड़ी के साथ वह गोल्डन ज्वेलरी में बेहद प्यारी लगीं, जिसे देखकर उनके फॉलोअर्स तारीफ करने से खुद को रोक नहीं सके। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत। दूसरे ने तारीफ करते हुए लिखा, आप खूबसूरत के साथ स्टाइलिश भी हैं। तीसरे यूजर ने लिखा, आप स्टनिंग हैं। इससे पहले भी नीना अपने पति विवेक मेहता की बर्थडे पार्टी में यही साड़ी पहने दिखी थीं।

काम की बात करें तो नीना गुप्ता हाल ही में फिल्म आचारी बा में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक उद्यमी की भूमिका निभाई है। हार्दिक गज्जर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नीना का किरदार एक मां और दादी का है, जो परिवार में अनदेखी का शिकार है।

# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय कुमार

### प्रियदर्शन की फिल्म में सैफ अली खान संग करेंगे दो-दो हाथ





**अक्षय** कुमार और सैफ अली खान 17 साल बाद मलयालम हिट ओप्पम के हिंदी रीमेक में साथ नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में दोनों के किरदारों के बारे में जानकारी सामने आई है। बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

#### अक्षय वर्सेज सैफ

यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। एक सूत्र के हवाले से बताया, सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे, लेकिन अक्षय कुमार का खलनायक अवतार दर्शकों को हैरान कर देगा। यह फिल्म दोनों सितारों के बीच एक जबरदस्त जंग दिखाएगी, जो रोमांच और तनाव से भरी होगी।

#### प्रियदर्शन के निर्देशन में बनेगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन डायरेक्ट करेंगे, जिन्हें कॉमेडी और थ्रिलर फिल्मों के लिए जाना जाता है। सूत्रों ने बताया कि अक्षय और सैफ ने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद इस प्रोजेक्ट के लिए तुरंत हामी भर दी। एक सूत्र ने कहा, यह एक सस्पेंस से भरी थ्रिलर फिल्म है, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगी। प्रियदर्शन का निर्देशन इसे और भी खास बनाएगा। फिल्म की शूटिंग अगस्त 2025 में शुरू होगी और इसे 2026 में रिलीज करने की योजना है।

अक्षय और सैफ की जोड़ी आखिरी बार 2008 में टशन ? में नजर आई थी। अक्षय और सैफ की जोड़ी पहले भी 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'आंखें' और 'ये दिल्लगी' जैसी फिल्मों में जादू दिखा चुकी है।

#### सैफ और अक्षय की फिल्में

सैफ अली खान हाल ही में अपनी फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आए, जिसमें उनके साथ जयदीप अहलावत और निकिता दत्ता भी थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म के अंत ने इसके सीक्वल की संभावना को भी हवा दी है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।